ज़ुहूरे महदी

कब ?

कहाँ ?

और सिक तरह ?

तालीफ

मुफती महमुद बिन मौलाना सुलेमान बारडोली

मुदर्रिस जामेआ इस्लामिया, डाभेल (गुजरात)

नाशिर

मदरसा ईस्लामिया ईब्राहिमीया

उमरगा पोस्ट बोरी ज़ि. लातूर (महाराष्ट्रा)

फोन : (२३८२ - २६०८४४

तफसीलात

नामे किताब	:	जुहूरे महदी कब ? कहाँ ? और किस तरह ?
तालीफ	:	जनाब मौलाना मुफती महमुद साहब बारडोली
पेश करदा	:	खुर्शीद अहमद लातूरी
नाशीर	:	मदरसा ईस्लामिया ईब्राहिमीया उमरगा पोस्ट बोरी ज़ि. लातूर (महाराष्ट्रा) ४२३५१२
सन्ने तिबाअत	:	जुलाई २००८
तअदाद	:	१०००
किमत	:	७० रुपये
सफहात	:	१६०
तबाअत	:	हमदम प्रेस, मालेगांव (०२५५४-२३०५०३)

मिलने का पता

मकतबा -ए- फैज़े महमुद

उमरगा पोस्ट बोरी ज़ि. लातूर (महाराष्ट्रा)

फोन : (२३८२ - २६०८४४

फेहरिस्त मज़ामीन

बिसमिल्ला हिर्रहमा निर्रहीम

तक़रीज़

हज़रत मौलाना अबुबकर साहब गाज़ीपुरी दामत बरकातुहुम
(मुदीर माहनामा ज़मज़म)

मौलाना मुफती महमुद हाफिज़ जी सल्लमहु जामेआ इस्लामिया डाभेल के एक ज़ी इस्तेदाद और साहबे इल्म फाज़िल नौजवान और मुदर्रिस हैं। इल्म का साफ सुथरा ज़ौक रखते हैं, और वक्त के नाजुक मसाएल पर इन की निगाह रहती है, रद्दे फिरके बातेला इन का खास मौज़ू है, हक़ का दिफ़ा दह अपना दीनी फ़रीज़ा समझते और करते हैं, हज़रत महदी (रज़ि.) के बारे में सही मालुमात अवाम ही नहीं खवास में से भी बहुत कम लोगों को हैं।

मुफती महमूद साहब ने ज़रूरत महसुस की अवाम को हज़रत महदी रज़ि. (जो कयामत की अलामतों में से एक अलामत है) के बारे में सहीह और मुसतनद मालूमात फराहम कर दी जाएं, इस जज़बे और शौक ने उन को ज़ेरे नज़र रिसाला मरत्तब करने पर आमादा किया।

अलहमदुलिल्लाह! अज़ीज़म मुफती महमुद सल्लमहुल्लाहु ने अपने इस रिसाला में हज़रत महदी के बारे में बहुत सी मालुमातजमा करदी हैं, आम तौर पर अवाम इस से ना वाकिफ हैं, इन्शाअल्लाह इस रिसाला से इन की मालुमात में इज़ाफा होगा। अल्लाह तआला इन की इस काविश को कुबुल फरमाए।

मो. अबुबकर गाजीपुरी

बिसमिल्ला हिर्रहमा निर्रहीम

तक़रीज़

जानशीन इमाम अहले सुन्नत हज़रत मौलाना अ. अलीम साहब फारुकी लखनवी दामत बरकातुहुम

जुहूरे महदी रज़ि. के बारे में अहादीसे मुबारका और आसार की बिना पर मुसलमानों को इस पर एतेकाद है। ज़मानए गुज़िशता में हमारे अकाबिर ने इस हक़ीक़त की वज़ाहत फरमाइ है और जो अहले इल्म से मख़फ़ी नहीं है।

दौरे हाज़िर में इस अकीदे और मुसल्लमा हकीकत पर मुखतलिफ अंदाज़ में रा, ज़र्नी की जा रही है, जो किसी तरह मुनासिब नहीं है और न उस को दीन कीकोइ खिदमत करार दिया जा सकता है।

अजीज़े मोहतरम हज़रत मौलाना मुफती महमुद साहब बारडोली हाफ़ेज़हुल्लाह ने पेशे नज़र रिसाले में पुरी एहतियात के साथ मज़कुरा मसले की वज़ाहत फरमाइ है, मौसूफ की यह इलमी और दीनी खिदमत काबिले कद्र है, इन्शाअल्लाह अवाम व खवास को इस के मुताले से फायदा हो गा।

दुआ है कि हक तआला शानुहु मुफ़ती साहब को सलामत रखे और तौफ़ीक़े मज़ीद नसीब फरमाए।

अ. अलीम फारुकी

२३ सितंबर २००४

बिसमिल्ला हिर्रहमा निर्रहीम

तक़रीज़

हज़रत अकदस मुफती अहमद साहब खानपुरी दामत बरकातुहुम

(सद्र मुफती जामेआ डाभेल)

कयामत कब आने वाली है इस का हकीकी वक्त अल्लाह तआला के इलावा किसी को मालुम नहीं, हदीसे जिबरईल अलैहिस्सलाम में है कि नबी करीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम से हज़रत जिबरईल ने सवाल किया कि कयामत कब आएगी ? तो इस के जवाब में हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया : कयामत के मुतअल्लिक जिस से पुछा जा रहा है वह पुछने वाले से ज़्यादा नहीं जानता।

मतलब यह है कि मुझे भी आप की तरह कयामत का सहीह वक्त मालुम नहीं, अलबत्ता कुरआन व हदीस में कयामत की कुछ अलामतें और निशानियां बतलाइ गई हैं जिन को उलामा ने अलामातें सुगरा और अलामाते कुबरा दो हिस्सों मे तकसीम किया है, अलामाते कुबरा में सब से पहली अलामत इमाम महदी रज़ि. का जुहूर बतलाया जाता है, वैसे तो अरबी ज़बान में ''महदी'' हिदायत याफता को कहते हैं, इस माना के लिहाज़ से बहुत से महदी हो चुके हैं और होंगे, लेकिन अलामाते कयामत के तौर पर जिस महदी के जुहूर को बतलाया गया है वह एक मखसुस शखसियत है, जिन की बहुत कुछ तफसीलात मुखतलिफ अहादीस में वारिद हुइ हैं, चुनांचे इन ही महदी-ए-मौऊद की शखसियत के मुतअल्लिक अहले इल्म ज़मानए कदीम से

कलम उठाते चले आ रहे हैं, और जैसे जैसे कयामत करीब होती जा रही हैं और मुसलमान आलमी सतेह पर मुखतलीफ आज़माइशों और मसाएब का शिकार होते चले जा रहे हैं कुदरती तौर पर इन में महदी–ए–मौऊद की आमद की तलब बढती जा रही हैं, और मुसलमान की इन ही अंदरुनी कैफियत और जज़बात के पेशे नज़र बहुत से लोग महदी–ए–मौऊद की आमद और जुहूर के सिलसिले में बे सर व पैर बातें भी फैलाते रहते हैं, इन हालात में ज़रुरी था कि लोगों को महदी–ए–मौऊद से मुतअल्लिक मोतबर रिवायात से आगाह किया जाए, चुनांचे अज़ीज़ मुकर्रम मौलाना मुफती महमुद बारडोली साहब सल्लमहु (उस्ताज़ जामेआ इसलामिया डाभेल) ने हदीस और शुरुहाते हदीस नीज़ इस मौजु पर लिखी गइ किताबों को खंगाल कर एक मज़मुन तयार फरमाया है जो इन्शाअल्लाह मुफीद और रहनुमा साबित होने की उम्मीद है, अल्लाह तबारक व तआला अज़ीज़ मौसुफ की इस सई को हुस्ने कुबुल अता फरमाए। (आमीन या रब्बल आलमीन)

अहमद खानपुरी

६ ज़ीकादा १४२७ हि.

बिसमिल्ला हिर्रहमा निर्रहीम

इफतिताहिया

कयामत का आना एक यकीनी चीज़ है, लेकिन कयामत कब आए गी यह बात बंदों को नहीं बताइ गई है, अलबत्ता इस की खास खास अलामतें कुरआन और हदीस में वाज़ेह तौर पर बयान की गई हैं, उन्ही अलामात मेंसे बहुत बडी अलामत हज़रत महदी का जुहूर है, उम्मते मुसलेमा आज कल जिन हालात से दोचार है उस के पेशे नज़र कई मुसलमान जुहूरे महदी के मुतमन्नी हैं, खुद अल्लामा सकारीनी रह. फरमाते हैं: أي من العلامات العظمي وهي أولها أن يظهر الإمام المقتدئ الخاتم للأئمة محمد المهدي (لوائح الأنوار البهية)

कयामत की बडी यानी करीब तर और अव्वलीन निशानियों में इमामुल मुकतदा खातमुल अइम्मा मोहम्मद महदी रज़ि. का जुहूर हैं, नीज़ जुहूरे महदी रज़ि. एक ऐसी हकीकत है कि इस के इनकार की कोई वजह नहीं। इधर पांच साल पहले मादरे इलमी जामेआ इस्लामिया तालीमुद्दीन डाभेल सिमलक के अराकीने शुरा ने जामेआ में शोबए रद्दे फिरके बातेला का (जिस का नाम बदल कर शोबए तहफ़्फ़ुज़े शरीअत रख दिया गया है) के कयाम का फैसला फरमाया, इस शोबा के ज़िम्न में बंदे के ज़िम्मे ''एहतेसाबे कादियानित'' का मौजु आया, मिरज़ा कादयानी के दुअवों में एक दावा महदी रज़ि. और मसीह होने का भी है, जब इस दावा के मुतअल्लिक दौरए हदीस शरीफ के तलबा के सामने मुदल्लल तरीके से यह मज़मुन लिखवाया गया कि :

''मिरज़ा महदी व मसीह तो क्या, एक शरीफ इनसान भी नहीं हो सकता, नीज़ हज़रत महदी रज़ि. व मसीह के मुतअल्लिक जो बातें अहादीस में आइ हैं, उन में कोइ भी बात मिरज़ा कादयानी में किसी तरह भी पाइ नहीं

जाती''

जब यह मज़ामीन पेश किए गए, तो दिल में यह बात आइ कि हज़रत महदी रज़ि. के मुतअल्लिक बातों को अलग से जमा कर के उम्मते मुसलेमा के सामने पेश किया जाए, चुनांचे इस गरज़ से कोशिश की गइ कि सहीह और मज़बुत बातों को जमा किया जाए नीज़ कमज़ोर बातों की तरफ इशारा कर दिया जाए।

हज़रत महदी रज़ि. के मुतअल्लिक बहुत सी बातैं हमारे तबके में गलत मशहुर हैं, जैसे : उन के ज़ुहूर के वक्त आस्मान से आवाज़ आना, ज़ुहूरे से पहले रमज़ाम में ग्रहन पेश आना, इस किस्म के मज़ामीन की तरफ भी सहीह रहनुमाई की कोशिश की गाई है।

जिन जिन किताबों से इस्तेफादा किया गया, हर एक को ब हवाला लिख दिया गया है, इस मौज़ु के मुतअल्लिक अहादीस की जहाँ तक बात है बाज़ हज़रात का यह कहना है कि ''महदी मौऊद के मुतअल्लिक जो सरीह अहादीस हैं वह सहीह नहीं हैं और जो सहीह हैं वह सरीह नहीं हैं'' इस जुमले के सिलसिले में आलमी मजलिसे तहफ़्फ़ुज़े खत्मे नुबुव्वत के एक फअ्आल रुक्न मौलाना अ.रहमान बावा मद्दज़िल्लहुल आली ने लंदन में हज़रत मुफती निज़ामुद्दीन शामज़ई शहीद रह. की तालीफ की हुइ एक किताब ''अकीदए ज़ुहूरे महदी रज़ि. अहादीस की रौशनी में'' बंदे को हदयतन इनायत फरमाइ, हज़रत मुफती शामज़इ मरहुम ने इस मौज़ु के मुतअल्लिक कम व बेश पचास अहादीस किताब में जमा फरमाइ हैं, और हर हर हदीस के हर हर रावी के मुतअल्लिक बहुत ही शरह व बस्त से कलाम किया है, जिस से साबेका जुमले का बे हक़ीक़त होना वाज़ेह हो जाता है, इस किताब का आलमे इस्लाम के नामवर मोहक्किक आलिमे दीन हज़रत मुफती मोहम्मद तकी उस्मानी मद्दज़िल्लहुल आली ने अपने ''अलबलाग़'' के एक मज़मुन में – जो मुफती शामज़इ साहब की शहादत पर उन्हों ने लिखा था भरपुर तारीफ की है, बिहमीदिल्लाह अहादीस के सिलसिले में बंदे ने इस किताब से भरपूर

इस्तेफादा किया है, और दीगर जिन कुतुब अहादीस और हज़रात मुहद्दिसीन के कलाम से इस्तेफादा किया है वह हवाले के साथ लिख दिया है, जब यह मुसव्वेदा तयार हुवा तो मेरे मुशफिक बुजुर्ग हज़रत मौलाना अबुबकर साहब गाज़ीपुरी और हज़रत मौलाना अ.अलीम साहब फारुक़ी (अल्लाह तआला इन दोनों बुजुरगों की उम्र में बरकत अता फरमाए) ने इस को देखा, और कुछ मुफीद मशवरे दिए, नीज़ मुफती रशीद अहमद साहब फरीदी मद्दज़िल्लहुल आली व शेखुल हदीस मौलाना मुजतबा साहब लोलात और फ़ज़ीलतुश्शेख तलहा मनियार मक्की और बेरादरे मुकर्रम मुफती असअद खापनुरी ने इस को देखा और तरमीमात व इसलाहात फरमाईं, नीज़ मेरे मुरशिदे सानी मुशफ़िक व मुरब्बी हज़रत मौलाना मुफती अहमद खानपुरी साहब दामत बरकातुहुम ने इस को पढा, और इस पर कलेमाते बाबरकत लिखवाए, इस किताब की तय्यारी में अज़ीज़म मोलवी हाफ़िज़ व कारी अलहाज फारुक बमबवी (अल्लाह तआला इन को दीन की खिदमत के लिए कुबुल फरमाए) ने हर तरह बडी मेहनत की, बारी तआला इन सब हज़रात को जज़ाए खैर अता फरमाए : अखीर में कुतुब अहादीस में वारिद वह अहादीस जिन का तअल्लुक इस मौजु से है इस का एक नकशा भी पेश किया गया है ता कि इस मौजु पर मज़ीद तहक़ीक़ में आसानी रहे।

अखीर में तमाम कारिईन से मोअद्देबाना इलतेमास है कि मेरी इलमी कमज़ोरी और ज़बाने उर्दु से वाकफियत की कमी की वजह से यकीनन इस किताब में बहुत सारी खामियां रह गइ होंगी, आप से उम्मीद है कि इस की इत्तेला फरमाएं गे ता कि अगले एडीशन में तलाफी हो सके।

अल्लाह तआला मेरी बद निय्यती और बद अमली के शर से महफुज़ फरमाए और इस किताब को शर्फे कुबुलियत से माला माल फरमाए।

महमुद बिन मौलाना सुलेमान हाफ़िज़जी, बारडोली

जामेआ इस्लामिया तालीमुद्दीन, डाभेल, सिमलक, गुजरात

बिसमिल्ला हिर्रहमा निर्रहीम

क़यामत और अलामाते क़यामत

कयामत का आना एक यकीनी अम्र है, दुनया के बहुत सारे इन्सान किसी ना किसी शकल में कयामत के तसव्वुर को मानते और तसलीम करते हैं, हम मुसलमानों के लिए कयामत का वाके होना बुनयादी अक़ाएद में से एक अहम तरीन अक़ीदा है, अल्बत्ता यह कयामत कब वाके हो गी इस के मुताअय्यना वक्त का इल्म तो अल्लाह तआला ने सिर्फ अपने पास ही रखा है, चुनांचे सुरह लुक़मान में अल्लाह तआला इरशाद फरमाते हैं إِنَّ اللّٰهَ عِنْدَهٗ عِلْمُ السَّاعَةِ (लुकमान: ३५) तरजुमा : बेशक कयामत (कब आएगी) का इल्म सिर्फ अल्लाह तआला ही को है।

दुसरी जगह सुरह आराफ में इरशाद है

يَسْئَلُوْنَكَ عَنِ السَّاعَةِ اَيَّانَ مُرْسٰهَا، قُلْ اِنَّمَا عِلْمُهَا عِنْدَ رَبِّيْ، لَا يُجَلِّيْهَا لِوَقْتِهَا الا هو(اعراف ١٨٧)

यह लोग आप (हज़रत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) से कयामत के मुतअल्लिक पूछते हैं के : इस का वकू कब हो गा? तो आप फरमा दिजीये : इस की ख़बर तो सिर्फ मेरे रब के पास है, जब कयामत का वक्त आए गा तो अल्लाह ही इसे वाज़ेह फरमा देंगे।

क़यामत की आमद और जुहूर के बारे में कुरैशे मक्का ने भी कभी आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को रिश्तेदारी का वासता दिया, कभी इसको आप की नुबुव्वत का मेअयार बना कर सवाल किया के : अगर आप वाकई नबी हैं तो बतलाते कियुं नहीं के क़यामत किस साल और किस तारीख़ को आए गी? लेकिन हर मरतबा यही जवाबि मिला के : इस का इल्म तो सिर्फ मेरे रब को है, किसी नबी या फरिश्ते को भी इस का इल्म नहीं दिया गया, इस बात की

वज़ाहत करते हुए मुफस्सिर इब्ने कसीर रह. लिखते हैं : أي ليـــس عـلـمهـا اليك ولا الـى أحـد مـن الـخلق، قل مردُّها ومرجعُها الى الله عزّ وجل، فهو الـذى يعلم وقتها على التعيين (تفسير ابن كثير) यानी क़यामत का इल्म ना आप को है और ना मख्लुक में से किसी को, इस का इल्म अल्लाह के पास है, और वही इस का वक्त सहीह तरीके से जानते हैं, कुरआने करीम में इस कदर सराहत के साथ हक़ीक़त बतला दी गइ इस के बावजुद बहुत सारे लोग इस बात की तहक़ीक़ में रहते हैं कि क़यामत कब आएगी? और इस्राईलयत और दिगर आसार को मिला कर दुनिया की मजमूइ उम्र और इस के क़याम के वक्त की तहक़ीक़ व तअय्युन करने की नाकाम कोशिश करते रहते हैं, यह सब अबस और लगव काम है, खुद बारी तआला ऐसे लोगों को तंबीह करते हुए आगे इरशाद फरमाते हैं (لا تـأتيـكـم الا بغتة) तुम पर याक बारगी आ पडे गी, इस तरह आपडे गी के किसी को इस के आने का वहम व गुमान भी ना होगा।

عـن أبـي هـريـرـة رضـي الله عنه أن رسول الله ﷺ قال : لا تقوم الساعة حتى تطلُع الشـمـسُ مـن مـغربها، فاذا جعلت وراها الناسُ آمنوا أجمعون، فذٰلك لا ينفع نفسا ايمانُها لم تكن آمنت من قبل أو كسبت فى ايمانها خيراً، ولتقومَنَّ الساعةُ وقد نشر الـرجـلان ثـوبهـمـا بيـنهـمـا فلا يتبايعانه ولا يطْوِيانِه، ولتقومَنَّ الساعةُ وقد انصرف الـرجـل بـلبـن لـقْـحَته فلا يطعمه، ولتقومَنَّ الساعة وهو يليطُ حوضه فلا يسقى فيه، ولتقومَنَّ الساعة وقد رفع أُكلَتَهُ الى فيه فلا يطعهما (صحيح البخارى ٢/٩٦٣)

हज़रत अबु हुरहैरा रज़ि. बयान फरमाते हैं कि : रसुलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने इरशाद फरमाया कि : कयामत उस वक्त तक नहीं आए गी जब तक सुरज पच्छिम की ओर से न निकल आएगा और लोग इसे देख लें तब सब लोग इमान ले आएं गे, लेकिन यह वह वक्त हो गा जब किसी का इमान लाना क़ाबिले कुबूल नहीं होग, कयामत इस तरह अचानक आए गी के दो आदमी आपस में कपडे का मोआमला कर रहें होंगे, फिर ना तो उस की खरीद कर पायें गे और ना कपडे को लपेट सकें गे, कयमात अचानक वाके हो गी के आदमी अपने मवेशी का दुध लिए आ रहा होगा यहाँ तक के वह इसे पी भी ना सके गा, कयामत इस तरह यक बारगी आ पडे गी, एक आदमी पानी

पीने के लिए हौज़ की सफाइ कर रहा होगा मगर इसे इस्तेमाल भी ना कर पाए गा, कयामत ऐसे अचानक आ पहुंचे गी कि एक आदमी खाने के लिए निवाला उठाए हुए होगा और उसे खा भी न सके गा।

खुलासा यह निकलता है कि क़यामत कब आए गी इस का मुतअय्यन वक्त सिर्फ अल्लाह तआला के पास है, अल्बत्ता क़यामत की बहुत सारी अलामतें अल्लाह ने हमें अपने सादिक व मसदूक रसुल हज़रत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के वासते से बतलाइ हैं, और इस बात पर हमारा इमान है कि अल्लाह तआला की बातें पुख्ता और अटल हैं, और जो भी बातें अल्लाह की जानिब से हमें बतलाइ गइ हैं वह हो कर रहें गी, यक कारखाना –ए– आलम अल्लाह के हुक्म के ताबे है, इस लिए कयमात से पहले पेश आने वाले वह हालात जिन का तज़केरा हमें कुरआन व हदीस में मिलता है, उन ही के मुताबिक दुनिया में तबदीली होती रहे गी, अल्लाह तआला फरमाते हैं لا تبديل لكلمات الله (يونس:٦٤) कि अल्लाह तआला की बातों में कोई तबदीली नहीं होती।

लेहाज़ा जिन अलामाते क़यामत का तज़केरा किया गया है उन का वाके होना भी एक लाज़मी अम्र है, इन में से बहुत सी अलामात तो अब तक इस दुनिया में हो चुकी हैं, और बहुत सारी अलामातें यानी निशानियां अपने वक्त पर ज़ाहिर होती रहें गी।

नोट : कयामत की निशानियों के बारे में अधिक जानकारी के लिए हदीस की किताबों में एक खास सबक ''किताबुल फितन व अशरातुस्साआ'' (كتاب الفتن وأشراط الساعة) में मौजुद हैं, इन का मुतालेआ कर लिया जाए, नीज़[अरबी ज़बान में अल्लामा इब्ने कसीर रह. की ''अन्निहाया'' (النهاية) तख्रीज व हवाशी (हाशिये) के साथ छप चुकी है, इसी तरह सय्यद अहमद रह.की ''अल इशाअतु लिअशरातिस्साआ'' (الإشاعة لأشراط الساعة) उर्दु ज़बान में (असरे हाज़िर हदीस की रौशनी में) और शाह रफीउद्दीन साहब दहल्वी रह. की अलामाते क़यामत वग़ैरा किताबों का मुतालेआ करना चाहिए।

अलामाते क़यामत

कयामत की जो अलामात कुरआन व हदीस में आइ हैं वह दो किस्म की हैं।

(१) अलामाते सुग़रा यानी सिर्फ छोटी अलामतैं और इन को अलामाते बईदा भी कह सकते हैं, यह अलामतैं कयामत से पहले वजुद में आएं गी लेकिन यह ज़रुरी नहीं कि इन के बाद कयामत जल्द आए गी।

(२) अलामाते कुबरा यानी बडी अमालातैं, इन को अलामाते करीबा भी कह सकते हैं, यह अलामतैं दुनिया में आम मामुल के खिलाफ क़यामत के करीब तर ज़माने में ज़ाहिर हों गी। इन अलामामत को देख कर यह बात वाज़ेह हो जाए गी कि अब क़यामत दुर नहीं। (जैसा के फतहुलबारी ४२७/११ में लिखा है)

इसी किस्म की दुसरी यानी अलामाते कुबरा में से एक बहुत बडी अलामत हज़रत महदी रज़ि. का जुहूर भी है।

हज़रत महदी रज़ि. का जुहूर होना एक यकीनी और कतई होने वाली बात है। आप की तशरीफ आवरी से उम्मते मुसलेमा खुब तरक्की हासिल करे गी। नीज़ आप की तशरीफ आवरी के बाद दीन की हिफ़ाज़त का काम, दीन की इशाआत का काम, दीन की तजदीद का काम और दीन को बुलंद रखने का काम यह सब कारनामे अंजाम दिए जाएं गे, अगरचि के आप से पहले उम्मते मुसलिमा में वह सारे काम अंजाम दिए जा रहें हों गे लेकिन ज़माने के अहवाल की वजह से इन में जो कमज़ोरी और इज़्मेहलाल आगया होगा आप रह. उस को दुर कर दें गे और दीन को कामयाब तरीक़े से आगे बढाने की कोशिश करें गे।

हिफ़ाज़ते दीन

इस दुनिया को बनाने का मसकद अपने पैदा करने वाले को पहचानना, और उस के बताए हुए तरीके पर चल कर दोनों जहाँ की कामयाबी हासिल करना है, इस अज़ीम मकसद के लिए अल्लाह तआला ने बहुत सारे अंबिया और रसुल दुनिया में भेजे, हर नबी और रसुल ने अपने अपने ज़माने में अल्लाह तआला का पैग़ाम उस के बंदों तक पहुंचा दिया, और अपनी ज़िम्मे दारियों को अदा करते हुए इस दुनिया से चले गए।

पहले नबियों (अलैहिमुस्सलाम) को जो शरीअतें दी जाती थी वह उन के मखसुस ज़माने और उन के मखसुस इलाके के लिए होती थी, और सब से अखीर में अल्लाह तआला ने हज़रत खातमुल अंबिया जनाब मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को इस दुनिया में भेजा और जिस दीन के साथ आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को भेजा वह दीन क़यामत तक के आने वाले इनसासों के लिए एक कानुन, ज़िंदगी गुजारने का एक तरीका और कभी ना खत्म होने वाला दीन करार पाया।

जब कुरआन करीम अल्लाह तआला का आखरी पैग़ाम करार पाया तो उस के आखरी होने का तक़ाज़ा भी यही है कि उस का एक एक हर्फ क़यामत तक महफ़ुज़ रहे ता कि क़यामत तक आने वाले तमाम लोग इस कुरआन पाक से रौशनी हासिल करते रहें, इस लिए इस की हिफ़ाज़त की ज़िम्मेदारी भी खुद अल्लाह तआला ने अपने ज़िम्मे ले ली और कुरआन मजीद में फरमाया (الحجر ٩) اِنَّا نَحْنُ نَزَّلْنَا الذِّكْرَ وَاِنَّا لَهٗ لَحَافِظُوْنَ हम ने खुद यह कुरआन उतारा है और हम खुद इस के मुहाफ़िज़ हैं।

कुरआन सिर्फ अलफ़ाज़ का नाम नहीं, बलकि अलफ़ाज़ व मआनी दोनों के मजमुए का नाम है, इस लिए जिस तरह कुरआन के मआनी और

मज़ामीन की हिफ़ाज़त और हर तरह से तहरीफ से महफुज़ रखने की ज़िम्मेदारी भी है। और इस में इलमी व अमली दोनों किस्म की हिफ़ाज़त शामिल है यानी जिस तरह सहीह इल्म महफुज़ रहे गा उसी तरह सहीह अमल भी महफुज़ रहे गा। और यह सिर्फ कुरआन करीम की खुसुसियत में से है, दीगर आसमानी किताबों की हिफ़ाज़त की ज़िम्मेदारी हामिलीने किताब के सुपुर्द की गइ थी, चुनांचे बारी तआला का इरशाद है بِمَا اسْتُحْفِظُوْا مِنْ كِتَابِ اللّٰهِ وَكَانُوْا عَلَيْهِ شُهَدَاءِ (المائدة : ٤٤) यानी तौरात की हिफ़ाज़त का उन को ज़िम्मेदार बनाया गया, और वह ही खबरगीरी पर मुकर्रर थे।

खुलासा यह है कि कुरआन मजीद के अलफ़ाज़ व मआनी व मतालिब बराहे रास्त अल्लाह तआला की हिफ़ाज़त में हैं, वह ना किसी के मिटाने से मिटने वाले, ना किसी के दबाने से दबने वाले, ना किसी के एतेराज़ से बे कद्र होने वाले और ना ही किसी के रोकने से उस की दावत रुकने वाली है।

बारी तआला के फ़ज़्ल से इस उम्मत में हर ज़माना में एक बडी जमाअत मौजुद होती है, जो खुद शरीअत पर अमल पैरा होती है, और दीने मतीन का मुजस्सम पैकर बन कर हर ज़माने में इस की हिफ़ाज़त व इशाअत का अहम तरीन कारनामा अंजाम देती है, हदीस शरीफ में इरशाद है لا تَزالُ طائفة مِن امّتى قائمةٌ بأمر الله، لا يضُرّهم مَن خَذَلَهُم أو خالَفَهُم، حتّى يأتىَ أمرُ اللهِ وهُم ظاهرون على النّاس (صحيح مسلم ٢/١٤٣) तरजुमा : मेरी उम्मत में एक ऐसी जमाअत बाकी रहेगी जो खुदाए पाक के अहकाम बरकरार रखे, कोइ इस का साथ ना दे या कोइ इस का मुकाबला करे, इसे इस की कोइ परवा नहीं हो गी, ऐसी हक परस्त जमाअत इस शान के साथ कयामत तक रुनुमा होती रहे गी।

एक दुसरी रिवायत में है لا تزالُ طائفة من أمّتى منصورِين على الحق لا يضّرهم من خَذَلحهم حتى تقوم الساعة (سنن ترمذى ٢/٤٣)

ग़रज़ यह कि इस उम्मत की एक जमाअत हमेशा एलाए हक़ के लिए बर सरे पैकार रहे गी, और इस जमाअत के अपने दौर के एक अमीर हज़रत महदी रज़ि. हों गे।

कयमात किन लोगों पर कायम होगी, इस के मुतअल्लिक दो किस्म की अहादीस में ततबीक :

मज़कुरा बाला दोनों रिवायतों से मालुम होता है कि अल्लाह तआला के नेक बंदों की एक जमाअत कयामत तक बर सरे पैकार रहे गी, और एलाए कलिमतुल्लाह के अज़ीम मकसद में मशगुल रहे गी, जब कि सहीह मुस्लिम की रिवायत لا تقوم الساعة على أحدٍ يقول : الله الله (مسلم ١/٨٤) और इब्ने माजा की रिवायत ولا تقوم الساعة الا على شرارِ الناس (باب شدة الزمان ابن ماجه ٢٠٢) यानी कयामत बदतरीन लोगों पर ही कायम हो गी, से मालुम होता है कि कयामत बदतरीन लोगों पर कायम होगी, उस ज़माने में नेक लोगों का वजुद भी नहीं हो गा।

दोनों किस्म की रिवायतों से बज़ाहिर जो तआरुज़ मालुम हो रहा है उस का हल यह है कि पहली रिवायतों में إلى يوم القيامة और حتى تقوم الساعة जैसे अलफाज़ से कयामते कुबरा मुराद नहीं, बलकि कयामत की सिर्फ एक बडी अलामत मुराद है, यानी हज़रत ईसा अलैहिस्सलाम का नुज़ुल।

इस से मालुम होता है कि हज़रत ईसा अलैहिस्सलाम के नुज़ुल तक यह जमाअत बराबर रुए ज़मीन पर बरकरार रहे गी, फिर आहिस्ता आहिस्ता अहले हक़ हज़रात इस दुनिया से रुखसत हो जाएंगे और शरारे खल्क पर कयामत काएम हो गी। मज़ीद तफसील के लिए ''नवादिरुल फिक्ह १/१३३,१३२'' देखें।

खिलाफत :

عن سعيد بن جمهانؓ، قال : حدثني سفينةؓ قال : قال رسول الله

صلى الله عليه وسلم الخلافةُ فی أُمتی ثلاثون سنة، ثم ملكٌ بعد ذلك، ثم قال لي سفينةُ : أمسِكْ خلافة ابی بكر ثم قال وخلافةَ عمر وخلافة عثمان ثم قال امسك خلافةَ علي، فوجدناها ثلثين سنةً، قال : سعيدٌ : فقلتُ له : إنّ بنی اميّة يزعمون "انّ الخلافة فيهم" قال : كذبوا بنُو الزّرقاء، بل هم ملوكٌ من شرِّ الملوك (رواه الترمذي ٢/٤٦)

तरजुमा : मेरी उम्मत में खिलाफत तीस साल तक रहे गी, फिर उस के बाद सलतनत हो जाए गी। फिर मुझ से सफीना रज़ि. ने कहा कि आप हरत अबुबकर रज़ि. की खिलाफत को शुमार की जिए, फिर हज़रत उमर रज़ि. और हज़रत उस्मान रज़ि. और हज़रत अली रज़ि. की खिलाफतों को शुमार करो। हम ने (शुमार किया तो) उसे तीस साल ही पाया। फिर मैं ने सफीना रज़ि. से कहा : बनी उमय्या तो दावा करते हैं कि (मज़कुरा) खिलाफत उन (के खानदान) में ही है, तो सफीना रज़ि. ने कहा की बनी उमय्या ज़रका झुटे हैं, वह तो बदतरीन बादशाहों में से हैं।

फकीहे अस्र हज़रत मौलाना रशीद अहमद गंगोही रह. इस हदीस के ज़िम्न में लिखते हैं। أي الخلافة المرضية إنما هی للذين صدقوا الاسلام بأعمالهم وتمسّكوا بسنةِ النبي صلى الله عليه وسلم (حواشی الكوكب الدری ٢/٥٥) وحواشی الترمذي ٢/٤٦ وهكذا فی مجمع بحار الأنوار ٢/٩٢) यानी वह पसंदीदा खिलाफत उन लोगों की (काएम करदा) हो गी जिन्हों ने अपने आमाल के ज़रीए इस्लाम की तसदीक की और सुन्नते नबवी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को मज़बुती से थाम लिया।

इसी तरह हज़रत उमर बिन खत्ताब रज़ि. की रिवायत में आया है कि आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने खबर दी है कि कुछ ज़माने तक नबुव्वत और रहमत रहे गी, इस के बाद खिलाफत और रहमत, बाज़ रिवायात में خلافة على منهاج النبوة के अलफाज़ भी वारिद हैं। (मुस्तदरक लिलहाकिम ४२०/४, हदीस नं. ८४५९)

सय्यदना हज़रत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम अल्लाह तआला के आखरी नबी और रसुल हैं, आप के बाद कोइ नया रसुल व नबी आने वाला नहीं, आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने अपनी हयाते तय्येबा में ही अपने मकासिद बेसत, यानी तिलावत आयात, तज़कियए नुफुस, तालीमे किताब व हिकमत की रौशनी में एक जामे दीन और सालेह मोआशेरा इनसानियत के सामने पेश फरमाया, साथ ही साथ मरज़ियाते इलाहिया के मुताबिक अद्ल व इनसाफ वाली एक मिसाली हुकुमत भी काएम फरमाइ, आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की बाकमाल शखसियत इमामते सुगरा (नमाज़ की इमामत) और इमामते कुबरा (हुकुमत) दोनों की जामे थी, और आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने वहयि इलाही की रौशनी में जो निज़ामे हुकुमत कायम फरमाया, उन की मिसाल तारीखे आलम में नहीं मिल सकती।

आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के बाद भी यह निज़ामे हुकुमत कुछ अरसा तक दुनिया में बाकी रहा, जिस को हम ''खिलाफत'' से ताबीर करते हैं, और मंसब खिलाफत के ज़िम्मे दार को ''खलीफा'' कहते हैं इस लिए हकीकत में खिलाफत उसी निजाम को कहेंगे जो खालिस नुबुव्वत व रिसालत की तालीमात के मुताबिक हो, और नबवी निज़ाम की तमाम खुबियां उस में मौजुद हों, और वह निज़ाम अहदे रिसालत के तर्ज़ पर चलता हो।

खिलाफत की तारीफ करते हुए हज़रत शाह वलियुल्लाह मुहद्दिस देहलवी रह. लिखते हैं : ''खिलाफत (आम्मा) वह रियासते आम्मा है जो बज़रीअए इशाअते उलूमे दिनिया (यानी कुरआन व हदीस की तालीम, वाज़ व नसीहत) को ज़िंदा रखना, अरकाने इस्लाम (पंज वक्ता नमाज़, जुमआ व इदैन की जमाअत का एहतेमाम और इमामत, ज़कात वसूल करना, मसरफ में खर्च करना, आमिल का तकर्रुर, हिलाल की शहादत और इस के बाद रमज़ान और इदैन का हुक्म, हज का नज़्म वगैरा) को कायम करना। जिहाद और उस के मुतअल्लेकात को कायम करना, ओहदए क़ज़ा के फराएज़ को

अन्जाम देना, हुदुद क़ायम करना, मज़ालीम को दुर करना और अम्र बिल्मारुफ व नहय अनिल मुनकर को बजा लाना, यह सारे काम बहैसियते नाएबे नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम बिलफेल अनजाम देने को खिलाफत कहा जाता है। (अल इजालतुल खिफा)

खिलाफत के सिलसिले में इमाम अहले सुन्नत मौलाना अब्दुश शकूर साहब लख्नवी रह. फरमाते हैं : खिलाफत के मआनी जानाशीन के हैं, जो आदमी किसी की जगह पर बैठ जाय यानी उस का नाएब बन कर काम करे वह उस का खलीफ कहा जाय गा, इसतेलाहे शरीअत में खिलाफत उस बादशाहत को कहते हैं यह नियाबत आँ हज़रत सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के दीन को कायम रखने और अहकामे दीनिया के नाफिज़ करने के लिए हो, (तोहफ–ए–खिलाफत७८)

खिलाफत की अहमियत

खिलाफत और खलीफा का बाकी रहना उम्मत के लिए निहायत अहम और ज़रुरी अम्र था, जिस की अहमियत का अंदाज़ा इस से लगाया जा सक्ता है कि हज़रत नबी करीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के विसाल के बाद तदफीन में जो ताखीर हुवी वह खलीफा के तै करने की वजह से हुवी, आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के क़ौली व अमली इशाराते वाज़ेहा की रौशनी में इजमाए सहाबा से जब हज़रत अबु बकर सिद्दीक रज़ि. खलीफ–ए–अव्वल मुकर्रर किये गए, तब तजहीज़ व तकफीन का मुबारक अमल अंजाम दिया गया।

इस सिलसिले में हज़रत शाह वलीउल्लाह रह. फरमाते हैं : (सहाबा रिज़वानुल्लाह अलैहिम अजमईन की तवज्जेह जनाब रसुलुल्लाह अलैहि वसल्लम के दफ्न से पहले खलीफा के तअय्युन व तकर्रुर की तरफ मायल हुे, लेहाज़ा (मालुम हुवा कि) अगर सहाबाए किराम रज़ि. के शरीअत की तरफ से खलीफा मुकर्रर करने की फरज़ियत (और इस में ताखीर करने की मुमानेअत) मालुम ना होती, तो वह हज़रात हरगिज़ खलीफा के तक़र्रुर को

आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के दफ्न पर मुक़द्दम ना करते (इज़ालतुल खिफा १/२१)

शाह साहब रह. मज़ीद फरमाते हैं कि : मुसलमानों पर ऐसे खलीफा का मुक़र्रर करना जो जामे शराएते खिलाफत हो, फर्ज़ किफाया है और क़यामत तक फर्ज़ रहे गा (इज़ालतुल खिफा १/१९)

खलीफा

खालीफा नबी का सच्चा जानशीन होता है, नबवी उलुम और नबवी सिफात से आरास्ता होता है, कुरआन व हदीस के उलुम में उस को दरके कामील होता है, सुन्नते नबवी का कामील पाबंद होता है, और नबी की तरह उस का दिल इंसानियत की खैर ख्वाही के जज़बे से लबरेज़ होता है, खलीफा के लिए ज़रुरी है कि वह मुसल्मान, मर्द, आक़िल, बालिग़, आदिल, आज़ाद, मुतकल्लिम, समीअ, बसीर हो और इजतेहाद की सलाहियत भी उस में पाई जाती हो – (इजालतु खिफा १/१९)

खिलाफते राशिदा

नबी करीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के विसाल के बाद हज़रत अबुबकर सिद्दीक रज़ि. ने बहुत ही नाज़ुक वक्त में जमीअ मोहाज़रीन और अनसार के ईत्तेफाक से मंसबे खिलाफत को संभाल कर उम्मत की रहबरी फरमाइ, आप की खिलाफत की कुल मुद्दत दो साल तीन महीने और तेरा दिन है।

हज़रत अबु बकर सिद्दीक रज़ि. ने अपने बाद हज़रत उमर रज़ि. को खलीफा मुकर्रर फरमा दिया, आप की खिलाफत की मुद्दत दस साल और तकरीबन छे महीने है, हज़रत उमर को जब अबु लूलू मजुसी गुलाम ने फजर की नामज़ में ज़ख्मी कर दिया, तो आप ने हज़रत उस्मान, हज़रत अली, हज़रत अबदुर्रहमान बिन औफ, हज़रत तलहा, हज़रत ज़ुबैर, हज़रत सअद बिन अबी वक्क़ास रज़िअल्लाहु अनहुम इन छे हज़रात को अमरे खिलाफत के

मशवरे के लिए मुंतखब खरमाया (अलबिदाया वन्नेहाया ७:१४४)

उन्हों ने मशवरे से हज़रत उस्मान रज़ि. को खलीफा मोक़र्रर किया, आप की मुद्दते खिलाफत तकरीबन बारा साल है, फिर जब हज़रत उस्मान को बागीयों ने शहीद कर दिया तो हज़्राते मोहाजरीन व अन्सार के इस्रार पर हज़रत अली रज़ि. खलीफ हुए, आप की मुद्दते खिलाफत चार साल नौ महीने है।

ग़रज़ चारों हज़रात रज़ि. की खिलाफत अैन तरज़े नबवी पर रही और हक़ीक़ी खिलाफत की जुमला शराएत उन में मौजुद थीं, मक़सदे खिलाफत अकमल तौर पर इन से ज़ाहिर था, ईसी मुबारक दौर को हम ''खिलाफते राशिदा'' के मुबारक अलफ़ाज़ से ताबीर करते हैं, और इसी खिलाफत के चारों खुलफा को हम ''खुलफाए राशिदीन'' के नाम से याद करते हैं जिन्हों ने खिलाफत का सही हक़ अदा करते हुए मिसाली हुकुमत क़ायम फरमाइ और ऐसे कारनामे अनजाम दिये जिन की नज़ीर अंबिया-ए-किराम के कारनामों के एलावा तारीखे इनसानियत में नहीं मिलती।

हज़रत अली की शहादत के बाद हज़राते सहाबा (रज़ि.) और ताबेईन (रह.) की एक बडी जमाअत ने हज़रत हसन बिन अली (रज़ि.) को खलीफा बनाया। हज़रत हसन ने छे महीने तक मन्सबे खिलाफत को संभाला, फिर जब छे महीने पुरे हो गए तो आप यह फरमाते हुए उस मन्सब से दस्तबरदार हो गए कि नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया था के ''खिलाफत मेरे बाद तीस बरस रहे गी'' और तीस बरस पुरे होने में छे माह बाकी थे वह पुरे हो गए, गोया हज़रत हसन रज़ि. की खिलाफत हज़रत अली की खिलाफत का तकमेला व ततिम्मा थी।

قال العلماءُ: "لم يكن فى الثلاثين بعده صلى الله عليه وسلم الا الخلفاءُ الأربعة وأيامُ الحسن" (تاريخ الخلفاءُ) तरजुमा : उलमा ने फरमाया है कि

आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के बाद तीस साल खिलाफत में खुलफा–ए–अरबआ और हज़रत हसन रज़ि. के अय्यामे हुकूमत के एलावा कोई ज़माना नही था, "والحسنُ آخر الخلفاءِ بنصّه" (तारीखुल–खुलफा १३१) तरजुमा : हज़रत हसन रज़ि. बदीही तौर पर आखरी फलीखा हैं।

ग़रज़ इस तरह आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के फरमान के मुताबिक खिलाफत अला नहजिन्नुबुव्वह के तीस साल पुरे हुए, चुनानचे सुनन अबु दाऊद (बाब फिल खुलाफा स.३६८ हदीस नं. ४६४७) की रिवायत "خلافة النبوة ثلاثون سنة الخ" की तशरीह करते हुए मौलाना मन्जुर अहमद नोमानी रह. लिखते हैं।

''हुजुर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की वफ़ात के ठीक तीसवें साल हज़रत अली मुरतुज़ा रज़ि. की शहादत हुइ, आप के बाद आप के बडे साहब ज़ादे हज़रत हसन रज़ि. आप के जानशीन और खलीफा हुवे, लेकिन उन्हों ने चंद ही महीने के बाद मुसलमानों की खाना जंगी खत्म करने ने लिए रसुलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की एक पेशीन गोई के मुताबिक हज़रत मुआविया रज़ि. से सुलेह कर ली, और उन के हक में खेलाफत से दस्त बरदार हो गए''

हज़रत हसन रज़ि. की खिलाफत के यह चंद महीने शामिल कर लिए जाएं तो पुरे तीस साल हो जाते हैं। पर खिलाफत अला मिन्हाजिन्नुबुवह और खिलाफते राशिदा जिस को हदीस में खिलाफतुन्नुबव्वह कहा गया है, इन तीस सालों तक रही। इस के बाद तौर तरीकों में तबदीली का अमल शुरु हो गया, और शुदा शुदा खिलाफत अला मिनहाजिन्नुबुव्वह की जगह बादशाहत का रंग आ गया।

आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की दुसरी पेशीन गोइ की तरह यह हदीस भी रसुलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का मोजज़ा और आप की नुबुव्वत की दलील है। आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की वफ़ात के बाद जो कुछ होने वाला था, जिस के इल्म का कोइ ज़ाहिरी ज़रीआ नहीं था, आप ने

उस की इत्तेला दी। और वही पेश आया। ज़ाहिर है कि आप को इस का इल्म अल्लाह तआला की वह्य के ज़रीए ही हुवा था। (मआरेफुल हदीस २४४/७)

खिलाफते राशिदा के बाद दुसरे दरजे की खिलाफत

खिलाफते राशिदा के बाद एक दुसरे दरजे की खिलाफत शुरु हुइ, जिस को मुलुकियात और बादशाहत से भी ताबीर किया गया है, जिस की इबतेदा खुलफाए बनी उमय्या से हुइ और बनी अब्बास से आगे बढ कर इस का खातमा तुरकी खिलाफते उस्मानिया पर एक बडी साज़िश के तहत सन १९२१ में किया गया।

इस दुसरे दरजे के दौरे खिलाफत में नबवी तौर व तरीक पर उस पुखतगी से अमल नहीं हो सका जो खुलफाए राशिदीन के दौर में हुवा। और ज़िम्मेदाराने खिलाफत व एमारत से बहुत सारी बातें शरई नुकतए नज़र से काबिले गिरिफ्त वजुद में आइं और निज़ामे हुकुमत में बहुत सारी कमज़ोरियाँ भी सामने आईं।

इस के बावजुद इस दुसरे दरजे की खिलाफत को हम ''खिलाफते इस्लामिया'' से याद करते हैं, चुंकि उस दौर में भी ममालिके इस्लामिया दारुल हर्ब में तबदील नहीं हुए, एक दीनी निज़ाम चल रहा था, जो मजमुई हैसियत से इस्लाम ही के हक में था, और दुशमन आज की तरह मुसलमानों को एक दम लुकमए तर बनाने सेपहले सोचने पर मजबुर थे, दीन व शरीअत की हिफ़ाज़त और आलमे इस्लाम की ''पासबानी'' का काम अंजाम दिया जा रहा था। और आज जब वह खिलाफत भी बाकी नहीं तो हम मुसलमानों को बहुत ही शिद्दत के साथ उस की अहमियत का एहसास हो रहा है। इन ही खुबियों के पेशे नज़र रुसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने इस अहेद के खुलफा के मुतअल्लिक भी (उमुरे हुकुमत में) समअ व ताअत की ताकीद

फरमाइ ता कि यह निज़ाम किसी तरह बिखरने ना पाए, और इन ही ताकीदात के पेशे नज़र सहाबा रज़ि. व ताबईन व औलिया ने बाद वाले ज़माने में अपने मेयार से उतर कर इन बाद वाले उमरा के हाथ पर उमुरे हुकुमत में बैअत की और उन से बग़ावत ना की।

हज़रत शाह वलियुल्लाह रह. फरमाते हैं कि : ''किसी सुलतान (की हुकुमत) पर मुसलमानों के मुत्तफिक हो जाने के बाद उस सुलतान से बग़ावत करना हराम है, अगर चे वह सुलतान खिलाफत की शरतों का जामे न हो, मगर इस सुरत में कि इस से सरीह कुफ्र ज़ाहिर हो'' (इज़ालतुल खिफा २८/१)

दुसरी जगह लिखते हैं। ''मसालेहे इस्लाम के मुतअल्लिक खलीफा जो भी हुकुम फरमावे और (नीज़ इस का जो हुक्म) शरीअत के खिलाफत न हो (उस की बजा आवरी) मुसलमानों पर लाज़िम है, चाहे खलीफा आदिल हो या ज़ालिम''

ग़रज़ यह निज़ामे खिलाफत तकरीबन १३ सदी तक बराबर चलता रहा, यह दुसरे दरजे की खिलाफत है।

उम्मते मुसलिमा के पांच दौर

عن حذيفة بن اليمان رضي الله عنه قال : قال رسول الله صلى الله عليه وسلم : "إنّ اول دينكم نبوّة ورحمةٌ وتكون فيكم ماشاء الله أن تكون، ثم يرفعها الله جلّ جلاله، ثم تكون خلافة على منهاج النبوة ما شاء الله أن تكون، ثم يرفعها الله جلّ جلاله، ثم يكون ملكاً عاضاً فيكون، ثم يرفعه الله جلّ جلاله، ثم تكون ملكا جبريّة فتكون ماشاء الله أن تكون، ثم يرفعه الله جلّ جلاله، ثم تكون خلافةً على منهاج النبوة، تعمل فى الناس بسُنة النبيّ ويُلقى الإسلامُ بجرانه فى الأرض، يرضى عنها ساكنُ السماء وساكن الأرض، لا تدعُ السماء من قطر الا صبّته مدراراً، ولا تدع الأرض من نباتها وبركاتها شيئاً الا أخرجته" (رواه احمد فى حديث النعمان بن بشير رضي الله عنه رقم الحديث ١٨٢٦٦ والبيهقى فى دلائل النبوة)

तरजुमा : हरत हुज़ैफा बिन यमान रज़ि. कहते हैं कि : रसुलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया के :

(१) तुमहारे दीन का आग़ाज़ नुबुव्वत व रहमत से हुवा है, जब तक अल्लाह चाहे गा हव तुमहारे दरमियान मौजुद रहे गी, फिर अल्लाह तआला उस को उठा लें गे (चुनानचे ६३ बरस दुनया में क़ियाम फरमा कर आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम सन ११ हिजरी माह रबीउल अव्वल में दुनया से तशरीफ ले गए)

(२) फिर खिलाफत अला मिनहाजिन्नुबुव्वह कायम हो गी, यह भी अल्लाह तआला जब तक चाहें गे रहे गी, फिर अल्लाह तआला इस को भी उठा लें गे (चुनानचे आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के वेसाल के बाद ३० साल खिलाफत अला मिनहाजिन्नुबुव्वह रही)

(३) उस के बाद सख्त और मज़बुत मुलुकियत का दौर आए गा, अल्लाह तआला जब तक चाहें गे वह रहे गी फिर उस को भी अल्लाह तआला उठा लें गे (सन ४१ हिजरी से मुलुकियत शुरु हुवी और सन १३३८ हिजरी में वह भी खत्म हो गइ)

(४) फिर जाबिर ताना शाही कायम होगी, अल्लाह तआला उस को भी खत्म फरमायें गे (सन १३३८ हिजरी में खिलाफत के खातमे के बाद अब छोटी सलतनत और ताना शाहियत का दौर है)

(५) और अखीर में दोबारा खिलाफते राशदा लौट आये गी जो बिलकुल सही नहेजे नुबुव्वत पर कायम हो गी, और इस्लाम अपनी गर्दन ज़मीन पर डाल दे गा (यानी इस्लाम को ज़मीन में करार हासिल हो गा) उस दौरे खिलाफत से ज़मीन और आसमान वाले खुश हों गे, खुब बारिश हो गी और ज़मीन से भी खुब नबातात और बरकतैं निकलें गी।

इस हदीस शरीफ में आखरी ज़मानें में दोबारा जिस खिलाफत अला मिनहाजिन्नुबुव्वह के क़ायम होने की बशारत फरमाई वह भी हज़रत महदी रज़ि. के ज़माने के मुतअल्लिक बशारत है।

बारा खलीफा

हदीस शरीफ में है।

عن جابر بن سمرة رضي الله عنه قال: قال رسول الله صلى الله عليه وسلم: "يكون من بعدى اثنا عشر أميرا" قال: ثمّ تكلم بشيء لم أفهمه، فسألت الذى يلينى؟ فقال: قال: "كلهم من قريش" هذا حديث حسن صحيح (رواه الترمذى ٢/٣٦ رقم ٢٢٢٣ وأبوداؤد ٢/٥٨٨)

तरजुमा : मेरे बाद १२ खलीफा हों गे, रावी कहते हैं कि फिर आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने कुछ कहा जो मैं समझ न सका तो मैं ने अपने पडोस में बैठे शख्स से दरयाफ्त किया? तो उस ने कहा कि आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने इरशाद फरमाया कि सब कुरैश हों गे, दुसरी एक हदीस में है : मेरे बाद कोई नबी नहीं, हाँ खुलफा हों गे जिन की तअदाद बहुत हो गी।

नोट : इन बारह हज़रात को उरफन खलीफा कह सकेत हैं, गोया यहाँ शब्द खलीफा बादशाह और हुकुमत के ज़िम्मेदारे आला के मानी में हो गा।

यह हदीस शरीफ की मुखतलिफ तौज़ीहात की गइ हैं, इन में सब से राजेह बात यह है कि इन बारह खुलफा का आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के बाद मुसलसल होना ज़रुरी नहीं है, बलकि मुखतलिफ ज़मानों में कयामत तक यह तअदाद पुरी हो गी। चुनांचे साहबे बज़्लुल मजहुद फरमाते हैं।

قال البعض: المرادُ بهم الذين هم على سيرة الخلفاءِ (الراشدين) وآخرهم الإمام المهديُّ (بذل المجهود ٥/١٠١) कि बाज़ ने कहा : इन से मुराद वह लोग हैं जो खुलफाए राशिदीन की सीरत के पैरोकार हों गे, और उन में आखरी हज़रत महदी रज़ि. हों गे।

हज़रत मौलाना खलील अहमद साहब सहारंपूरी रज़ि. ने इसी क़ौल को तरजीह दी है, इमाम सुयूती रह.और शाह वलीउल्लाह रह. ने भी इस को

पसंद फरमाया है। अलबत्ता यह बात यकीनी है कि इन १२ खुलफा में आखरी खलीफा हज़रत महदी रज़ि. हों गे, चुनांचे इमाम अबु दाऊद रह. ने १२ खुलफा वाली हदीस को ''किताबुल महदी'' में ज़िक्र फरमा कर इस तरफ इशारा किया है कि वह बारहवें खलीफा हज़रत महदी रज़ि. हों गे।

नोट : हदीस शरीफ की यह जो तशरीह पेश की गई इस के इलावा एक कौल यह भी है कि बारह खलीफा से मुराद वह उमराए बनी उमय्या हैं जो अमीरे मोआविया के बाद सलतनत के मालिक हुए, गोया हदीस शरीफ का मतलब यह है कि इन बारह खुलफा तक इस्लाम की कुव्वत व शौकत बएतेबारे हुकुमत बरकरार रहे गी और इन के ज़माने में सलतनत को इस्तेहकाम हो गा।

उन १२ हज़रात के नाम यह हैं (१) यज़ीद बिन मुआविया (२) मोआविया बिन यज़ीद (३) अब्दुल मलिक (४) वलीद (५) सुलेमान (६) उमर बिन अबदुल अज़ीज़ (७) यज़ीद बिन अबदुल मलिक (८) हिशाम (९) वलीद बिन यज़ीद (१०) यज़ीदद बिन वलीद बिन अबदुल मालिक (११) इब्राहीम बिन वलीद (१२) मरवान बिन मोहम्मद।

चुनांचे बनी उमय्या में यह बारा खुलफा हुए, इन के बाद सलतनत बनी उमय्या से निकल कर बनी अब्बास में चली गई।

इस लिससिले में एक कौल यह भी है कि इस से मुराद वह बारह खलीफा हैं जो हज़रत महदी रज़ि. के बाद हों गे, जिन में से पांच हज़रत हसन रज़ि. की औलाद में से हों गे, और पांच हज़रत हुसैन रज़ि. की औलाद से हों गे और उन के बाद उन के साहबज़ादे। इस तरह बारह खलीफा हों गे सब बरहक़ हों गे। (मजमअ बिहारिल अनवार ८२,८४/१)

एक कौल यह है कि हज़रात खुलफाए राशिदीन रज़ि., हज़रत हसन रज़ि., हज़रत मुआविया रज़ि., हज़रत अबदुल्लाह बिन जुबैर रज़ि. और हज़रत उमर बिन अ.अज़ीज़ रह. यह आठ हुए, फिर हज़रत महदी अब्बासी

रज़ि. और हज़रत ताहिर रह. जो बडे आदिल थे, और बाकी मांदा दो मुराद हैं जिन का अभी इन्तेज़ार है, इन में से एक हज़रत महदी रज़ि. हैं। (तारीखुल खुलाफा १२)

नोट : इस मौके पर सब से अहम बात यह है कि यह बारा खलीफा मासूम नहीं हों गे, और नुबुव्वत या उस से बरतर किसी दरजे पर नहीं हों गे, और उन के लिए इमामत किसी खास इमतियाज़ी वस्फ के साथ नहीं होगी। नीज़ यह शियों के यहां जिन हज़रात को (इस्ना अशर इमाम) कहा जाता है, उस सिलसिले में मुफ्ती युसूफ साहब लुधयानवी रह. फरमाते हैं : अहले सुन्नत भी इन को अपना मुक्तदा मानते हैं, मगर दो फर्क के साथ :

(अव्वल) यह के (शिया) इन अकाबीर को अंबियाये किराम की तरह मासूम अनिल खता मुफतरजुत-ताआ और मामुर मिनल लाह समझते हैं, अहले सुन्नत के नज़दीक यह अक़ीदा सिर्फ अम्बियाये किराम के बारे में रख्खा जा सक्ता है।

(दुव्वम) यह कि वह जो मसाएल इन अकाबिर की तरफ मनसूब करते हैं वह सही नहीं हैं, और उन रिवायात के नक़्ल करने वाले लाएके एतेमाद नहीं, (अलमहदी वल मीसह ३२)

तजदीदे दीन और मुजद्दिद

عن ابى علقمة رحمه الله، عن أبى هريرة رضي الله عنه فيما أعلم عن رسول الله صلى الله عليه وسلم قال: إنّ الله يبعث لهذه الامة على رأس، كل مائة سنةٍ من يجدّدُ لها أمر دينها (مستدرك ٥٦٨/٤ رقم ٨٥٩٣)

तरजुमा : बिला शुबाह अल्लाह तआला इस उम्मत के लिए हर सदी पर ऐसे आदमी को मबऊस फरमाएं गे जो उम्मत के दीनी मामलात को अज़ सरे नौ क़ायम व मज़बुत करे गा।

दीने इस्लाम की क़यामत तक हिफ़ाज़त का अल्लाह तआला की

तरफ से एक ग़ैबी निज़ाम है जो इस उम्मत के लिए बारी तआला की तरफ से एक इमतियाज़ी नेअमत है, लेकिन शैतानी कुव्वतों हर दौर में इस दीने हनीफ में तहरीफ की कोशिश करती रही हैं।

तहरीफ की इबतेदा इफरात व तफरीत, तशद्दुद व ग़ुलू की बुनयाद पर होती है, राहे एतेदाल से हट कर अपनी खुवाहिशात के मुताबिक दीन की तशरीह करना और गलत नज़रियात व इल्हाद को दीन से ताबीर करना, यह वह वबाई अमराज़ हैं जो उम्मत को अस्ल दीन से महरुम कराने का ज़रिया बन जाते हैं, अल्लाह सुब्हानहु व तआला ने इस उम्मते मोहम्मदिया पर खुसूसी करम फ़रमाते हुए इस क़िस्म की तहरीफ व इलहाद से इस दीने मतीन को पाक रखने के लिए हर दौर में मुजद्देदीन का एक मुबारक सिलसिला कायम किया।

तजदीद

तजदीदे दीन की तशरीह फरमाते हुए फ़क़ीहुल उम्मत सय्यदी मुफ्ती महमु हसन गंगोही रह. रक़म तराज़ हैं : ''शरीअत के जो अहकाम मुरुरे ज़माना की वजह से बे तवज्जुही का शिकार हो गए हैं, ग़लबए हवा व हवस और मसाइ–ए–नफस व इब्लीस की वजह से मतरूक हो गए हों, उन को उजागर करना, उन की तरफ तवज्जेह दिलाना, उन को अमली जामा पहनाने की कोशिश इस को तजदीदे दीन कहते हैं'' (फतावा महमुदिया बाबुल अक़ाइद जिल्द १५ सफा १२९)

मुजद्दिद के औसाफ

☆ इल्म और अमल में रसुक के सच्चे जा नशीन होते हैं।

☆ इन को अल्लाह की तरफ से नबी की तरह पुर कशिश शखसियत मिलती है।

☆ नसल, खानदान, अखलाक़ व आदात हर लेहाज़ से अन की तरफ लोगों के दिल खिंचते हैं।

☆ अपनी इमानी फिरासत से उम्मत की अस्ल बीमारियों की जुसतुजू कर के कुरआन और हदीस की रौशनी में उस के एलाज का एक जामे लाएहए अमल तय्यार करते हैं, फिर उस को अमली जामा पहनाते हैं।

☆ बिदआत व रुसुमत का परदा चाक करते हैं।

☆ अकाइद, इबादात, मुआशेरत, मामलात, अखलाक़ियात, सियासत ग़रज़ हर शोबे में इमानी रुह फुंकते हैं।

☆ एअलाए हक़ में किसी से मरअुब नहीं होते।

☆ अल्लाह की जानिब से लोगों में एताअत और मोहब्बत का जज़बा पैदा होता है।

☆ दीन का दर्द रखने वाले अफराद उन के अतराफ जमा होते हैं।

☆ उन को अंबिया अलैहिमुस्सलाम की तरह मुखालेफतों का सामना होता है, अज़िय्यतें उठानी पडती हैं, लेकिन व एलाए दीन की खातिर सब्र व इस्तेक़ामत, एखलास वह यक़ीन के पैकर होते हैं, ग़ैबी नुसरत की बरकत से मसाएब के बादल धीरे धीरे छंट जाते हैं, और दुनिया में उन का सिक्का चलने लगता है।

☆ मुजद्दिद ज़ाती एतेबार से उलूम व मआरिफ में कामिल दरक वाले होते हैं, दीन और सुन्नत की गहरी बसीरत उन में होती है।

☆ तकवा व सलाह का कामिल वस्फ उन में होता है।

☆ मुजद्दिद इल्म को फैअलाते हैं, अहले इल्म की इज़्ज़त करते हैं।

☆ अल्लाह तआला इस किस्म की सिफात का हामिल अपना एक बन्दा या इन सिफात वाले बन्दों की जमाअत हर सदी के शुरु में, या हर दौर में, या हर कुरून में इस उम्मत में पैदा फरमाते रहे गें, इन ही

मुजद्देदीन के मुबारक सिलसिले की आखरी कडी हज़रत महदी रह. हों गे।

चुनांचे माज़ी के मुजद्दिद व फक़ीह हररत गंगोही रह. फरमाते हैं। هو اٰخِرُ المجدد هذهِ الامة (الكوكب الدرى ٢/٥٧) यानी हज़रत महदी रह. इस उम्मत के आखरी मुजद्दिद हों गे।

नोट : खुद मुजद्दिद को बज़रिए इल्हाम और अलामत (इसतेदलाली तरीक़े से) अपने मुजद्दिद होने का इल्म होता है, लेकिन वह वही के दरजे में नहीं, वैसे मुजद्दिद अपने मखसुस कारनामों के ज़रीए पहचान लिए जाते हैं। (खुलासा अज़ फतावा महमुदिया बाबुल इशाअत जिल्द १३ सफहा ४०३)

हज़रत महदी रह. के ज़ुहूर की ताकीद

अहादीसे मुबारका में आप की तशरीफ आवरी को बहुत ही ताकीद से बयान किया गया है। एक जगह इरशाद है।

عن عبدالله بن مسعود رضي الله عنه عن النبي صلى الله عليه وسلم قال : لَوْ لَم يَبْقَ مِنَ الدُّنيَا الّا يومٌ، قال : زائدة (الراوى) لطوّل اللّٰهُ ذٰلك اليوم حتى يبعث رجلاً منّى (أو قال) من أهل بيتى، يواطى اسمُه اِسمى واِسْمُ أبيه اسم أبي، زاد فى حديث فطر : يملأ الأرض قِسطاً وعدلاً كما مُلئت ظلماً وجورا" (ابوداؤد كتاب المهدى ج٢ / ص٥٨٨)

तरजुमा : अगर दुनिया का एक दिन भी बाक़ी रह जाए, तो अल्लाह तआला उस दिन को इतना लंबा कर दें गे के कि इस उस में एक आदमी मुझ से या (युं फरमाया के) मेरे अहले बैत में से उस तरह मबऊस फरमा दें गे कि उन का नाम मेरे नाम के मुशाबह हो गा, और उन के वालिद का नाम मेरे वालिद के नाम के मुशाबह हो गा, (वह अद्ल व इन्साफ को दुनिया में उसी तरह भर दें गे जिस तरह वह ज़ुल्म व सितम से भर गइ थी)

एक जगह इरशाद है।

عن ابی هريرة رضي الله عنه قال : لو لم يبقّ منَ الدنيا الا يوماً لطوّل اللّٰهُ ذٰلك اليوم حتی یلیّ، هذا حديثٌ صحيح (ترمذی ٢/٤٧)

यानी अगर दुनया का सिर्फ एक ही दिन बाक़ी रह जाए गा तो अल्लाह तआला उस दिन को लम्बा कर दें गे यहाँ तक कि (एक आदमी) वाली हो जाए गा।

एक जगह इरशाद है।

عن عبداللّٰه (بن مسعودٍ) رضي الله عنه قال : قال رسول اللّٰه صلی اللّٰه عليه وسلم : "لا تذهبُ الدُّنيا حتی یملك العرب رجلٌ من أهل بيتی يواطی اسمهٗ اسمی" هذا حديث حسنٌ صحيح (ترمذی ٢/٤٧)

यानी दुनया उस वक्त तक फना नहीं हो गी जब तक मेरे घराने में एक ऐसा आदमी सर ज़मीने अरब का मालिक न हो जाए, जिस का नाम मेरे जैसा हो गा।

मज़कुरा बाला रेवायत में "يـمـلك العـرب" का लफज़ है इस की वज़ाहत यह है कि चुंके सर ज़मीने अरब इस्लाम का मरकज़ और पायए तखत है, इस लिए इस का मालिक होने के कुल ज़ीमन का मालिक होना मुराद है, नीज़ अहले अरब अशरफुन्नास हैं, इस लिए अरबों का सरदार होने को गोया तमाम लोगों का सरदार होना मुराद है।

मौलाना मन्जुर अहमद नोमानी रह. लिखते हैं।

यह भी कहा जा सक्ता है कि इब्तेदाए हुकूमत अरब में कायम होगी, फिर पुरी दुनिया में, या यह के हुकूमत का अस्ल मर्कज़ अरब हो गा। (मआरिफुल हदीस ८/१७०)

एक जगह इस बात को इस अन्दाज़ से बयान किया गया है कि :

لا تـذهـب الايـامُ واللّيالی حتی یملك رجلٌ من أهل بيتی، يواطی اسمهٗ اسمی واسمُ ابيه اسم أبی، فيملا الأرض قِسطاً وعدلاً كما مُلِئتْ ظُلماً وجَوراً" (مستدرك للحاكم رقم الحديث ٨٧١٣)

यानी दिन और रात उस वक्त तक फना नहीं हों गे जब तक मेरे घराने में से एक ऐसा मालिक ना हो जाए जिस का नाम मेरे नाम जैसा और उस के वालिद का नाम मेरे वालिद के नाम जैसा होगा, यह रुए ज़मीन को उसी तरह अदल व इन्साफ से भर दे गा जिस तरह वह ज़ुल्म व सितम से भरी हुइ थी।

"لَا تَقُوْمُ السَّاعَةُ حَتّٰى تَمْلَأُ الْأَرضُ ظُلْماً وَجَوْراً ثُمَّ يَخرجُ من أهل بيتى مَن يَملأُها قِسطاً وعدلاً كما مُلئت ظُلماً وَعُدُواناً" (مستدرك رقم الحديث ٨٦٦٩)

यानी कयामत उस वक्त तक नहीं होगी जब तक रुए ज़मीन ज़ुल्म व सितम से और सरकशी से भर ना जाए, फिर मेरे अहले बैत में से एक आदमी ज़ाहिर हो गा दुनया को उसी तरह अद्ल और इनसाफ से भर दे गा जिस तरह वह ज़ुल्म वसितम से भरी हुवी थी।

दोनों रिवायतों का हासिल यह है कि रात और दिन उस वक्त तक फना नही हों गे, या क़यामत उस वक्त तक नही आसकती जब तक हज़रत महदी रह. का ज़ुहूर ना हो जाए।

इन रिवायात का खुलासा यह है कि हज़रत महदी रह. का ज़ुहूर बिलकुल यकीनी और हतमी है, यहाँ तक कि महदी पर इमान रख्ना वाजिब है, जैसा के आगे आए गा।

हज़रत महदी से बैअत की ताकीद

इन्सान के लिए ज़रुरी है कि वह हर खैर और नेकी के काम में बकद्रे इस्तेताअत तआवुन करे, नीज़ शरीअते मुतह्हरा की तालीम के मुताबिक अगर कोइ मुसलेह, मुजद्दिद, दाई इलल खैर खडा हो जाए तो उस का तआवुन करना, उस के लिए राह हमवार करना, उस की राह में रुकावट ना बनना हमारा इमानी व अखलाक़ी फरीज़ा है, लेकिन जब हज़रत महदी रज़ि.

का जुहूर हो गा तो उन का तआवुन करने और उन के हाथ पर बैअत करने की अहादीस में बडी ताकीद वारिद हुइ है। हज़रत नबी करीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने इस को ताकीद के अंदाज़ में इस तरह बयान फरमाया :

''जिस को यह वक्त मिले (यानी हज़रत महदी रज़ि. का ज़माना) तो वह उन के पास आए, अगरचे बर्फ पर घिसट कर आना पडे''

एक और हदीस में वारिद है।

عن عبدالله بن مسعودٍ رضي الله عنه : بينما نحنُ عندَ رَسُولِ اللّٰه صلى اللّٰه عليه وسلم اِذْ أقبَلَ فِتيةٌ من بنى هاشمٍ، فَلَمّا رآهم النّبي صلي اللّٰه عليه وسلم اغر ورقت عيناه وتغيّرَ لَونُه، قال (عبد اللّٰه) فقُلتُ : ما نزالُ نرىٰ في وَجهِكَ شيئاً نَكرَهُهُ، فقال : "اِنّا اهلُ بَيتٍ اختارَ اللّٰهُ لَنَا الآخرةَ علىٰ الدُّنيا، واِنَّ اهل بيتى سيَلقَوْنَ بعدى بلاءً وتشريداً وتطريداً حتّى يأتىَ قَوْمٌ مِنْ قِبَلِ المَشرق معهُم راياتٌ سودٌ، فيسئلون الخيرَ فلا يُعطُونه، فيُقاتِلونَ، فيُنصَرونَ، فيُعطون ما سَئَلُوا، فلا يقبلونَ حتّى يدفعوها الى رجلٍ من أهلِ بيتي، فيملأها قسطاً كما مَلَئوها جوراً، فمنْ أدرَكَ ذٰلك منها فليأتهم ولو حبواً على الثلج" (ابن ماجه ص٣٠٩، رقم ٤٠٨٢)

तरजुमा : हज़रत अबदुल्लाह बिन मसऊद रज़ि. फरमाते हैं कि हम रसुलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की खिदमते अकदस में हाज़िर थे कि अचानक बनी हाशिम के चंद छोटे बच्चे (आप के पास) आए, जब आप ने उन्हें देखा तो आप की आंखें आंसुओं से नम हो गई अैर चेहरे का रंग तबदील हो गया। हज़रत अबदुल्लाह बिन मसऊद रज़ि. फरमाते हैं कि मैं ने कहा किहम आप के चेहरे पर गम के आसार देख रहे हैं जो हमारे लिए तकलीफ दह हैं। तो आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने इरशाद फरमाया, हम अहले बैत को अल्लाह ने खुसुसियत बखशी है, हमारे लिए दुनिया की बनिसबत आखेरत को पसंद फरमाया है, मेरे अहले बैत को मेरे बाद बडी तकलीफों और परेशानियों से गुज़रना पडे गा यहाँ तक कि मशरिक की जानिब से एक कौम नमुदार हो गी जिन के साथ सियाह झंडे हों गे। वह (मेरे अहले बैत) उन से खैर का सवाल

करें गे लेकिन उन्हें नहीं दिया जाए गा। तब वह किताल करें गे, और वह नुसरत व कामरानी से हमकिनार हों गे, फिर उन्हें उन की मतलुबा चीज़ दी जाए गी लेकिन वह उस को कबुल नहीं करें गे यहाँ तक कि वह मेरे अहले बैत में से एक शख्स को दें गे, वह रुए ज़मीन को उसी तरह अद्ल व इनसाफ से भर दे गा जिस तरह वह जुल्म से भरी हुइ थी। सो जो कोई उन्हें पाए वह उन के पास पहुंच जाए, चाहे बर्फ पर घिसट कर ही क्युँ ना जाना पडे।

इन मुबारक अलफाज़ से अनदाज़ा होता है कि आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने उन का साथ देने और उन के हाथ पर बैअत करने की कितनी ताकीद फरमाई है।

हज़रत शाह वलियुल्लाह फरमतो हैं : हज़रत महदी रज़ि. की खिलाफत का वक्त आए गा तो आप की इत्तेबा उन उमुर में वाजिब हो गी जो खलीफा से मुतअल्लिक हैं। (इज़ालतुल खिफा २६/१)

जुहूरे महदी की अहादीस

(१) जुहूरे महदी रज़ि. की अहादीस की कसरत :

हाफ़िज़ इब्न हजर असकलानी फरमाते हैं कि जुहूरे महदी की अहदीस हद्दे तवातुर तक पहुंची हुइ हैं। (शेख बरज़ंजी रह. और अल्लामा सुयुती रह. ने तवातुर से मुराद तवातुरे मानवी मुराद लिया है)

काज़ी शौकानी आपनी किताब ''अलफतहु र्रब्बानी'' में लिखते हैं।
”وجميع ما سُقناه بَلَغَ حدّ التواتر، كما لايخفىٰ على من له فضلُ اطلاع“
(بحوالة تحفة الأحوذى ٤٠٢/٦)

इन दोनों रिवायतों के बाद अब साहबे निबरास का वह कलाम देखिए, जिस में दोनों रिवायाते में तआरुज़ के दो जवाब लिखे गए हैं। वह लिखते हैं। اختلف فى أنّ المهدى من أولاد الحسن او الحسين رضي الله عنهما؟ والراجع هو الأول، كما رواه أبوداؤد عن عليؓ (رقم الحديث ٤٢٩٠) وجمع بعضهم بأنّه من صلب حسنيٍ وبطنِ حسَينيةٍ (نبراس ٣١٦) यानी इस बात पर लोगों में इखतेलाफ है कि हज़रत महदी रज़ि. किस की औलाद में से हों गे? आया हज़रत हुसैन की औलाद में से या हज़रत हसन रज़ि. की औलादा में से? हालांके राजेह क़ौल यही है कि आप हज़रत हसन रज़ि. की औलाद में से हों गे। चुंकि इस कौल की ताइद में हज़रत अली की एक रिवायत भी है जिसे अबु दाऊद रह. ने नक्ल किया है। बाज़ हज़रात ने दोनों अकवाल में इस तरह ततबीक दी है कि आप के वालिद हज़रत हसन रज़ि. के खानदान से और वालदा हज़रत हुसैन रज़ि. की नसल से हों गी।

एक नुकता : इब्नुल कय्यिम अल ज़ौज़ी रह. लिखते हैं। وفى كونه من وُلْد الحسن سِرٌ لطيفٌ وهو أنّ الحسن رضي الله عنه ترك الخلافة لله، فجعل اللهُ من ولده من يقوم بالخلافة الحق، المتضمنُ للعدل الذى يملأُ الأرض وهذه سنة الله فى عباده أنه من ترك لأجله شيئاً أعطاه الله أو أعطى

ذريته أفضلَ منه" (المنار المنيف لابن القيم الجوزية ١٥١، و كذا قال المناوى فى فيض القدير ٢٧٩/٦) यानी हज़रत महदी रज़ि. के हज़रत हसन रज़ि. की औलाद होने में एक लतीफ नुकता है, वह यह कि हज़रत हसन रज़ि. अल्लाह तआला की खुशनुदी की खातिर खिलाफत से दस्त बरदार हुए थे, उस के नतीजें में अल्लाह तआला ने उन की औलाद में एक ऐसे शख्स का जुहूर मुकद्दर फरमा दिया जो सच्ची खिलाफत काएम करे गा, वह खिलाफत ऐसे इन्साफ वाली हो गी जो सारी सर ज़मीन को शामिल हो गी। और यह तो दस्तुरे खुदा वंदी है कि जो शख्स अल्लाह तआला की खातिर किसी चीज़ से दस्त बरदार होजाता है अल्लाह तआला खुद उस को या फिर उस की औलादा में से किसी को उस से बहतर चीज़ अता करते हैं।

नोट : (१) बाज़ रिवायात से मालुम होता है कि हज़रत महदी रज़ि. हज़रत अब्बास रज़ि. की औलाद में सें हों गे। चुनांचे हदीस اللهم انصر العباس وولد العباس ثلثاً، يا عمّ أما علمتَ أنّ المهدي من ولدك موفقاً، رضياً، مرضياً (منتخب كنز العمال ٣١/٦) के मुतअल्लिक साहिबे कनजुल उम्माल ने अखीर में लिखा है कि رجال سندهٗ ثقاتٌ कि आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने तीन मरतबा फरमाया : اللهم اغفر العباس وولد العباس ऐ अल्लाह अब्बास और उस की औलाद की मगफेरत फरमा दे। फिर फरमाया कि ऐ चचा क्या आप नहीं जानते कि महदी आप की औलाद में से हो गा जो तौफीक याफता, दज़ा मंद और रज़ा याफता हो गा।

इस रिवायत के कुछ तुरुक में محمد بن زكريا الغلّابى नामी रावी पाए जाते है जो गैर मोतबर हैं हत्ता कि बाज़ों ने इन के बारे में كان يضعُ الحديث लिखा है। (अलमुगनी लिज़्ज़हबी ३००/२)

और अगर इस रिवायत को कुबुल भी कर लिया जाए तो मुमकिन है हज़रत अब्बास रज़ि. की तरफ निसबत इस वजह से की गइ हो कि आप उस वक्त अपने खानदान के तनहा बुजुर्ग थे, और खानदान के बुजुर्गों और ज़िम्मे

दारों की तरफ बच्चों को मनसुब करना एक आम सी बात है।

नोट : (२) बाज़ किताबों में आप की वालदा का नाम आमना लिखा है लेकिन किसी मुसतनद हवाले से हमें यह बात नहीं मिल सकी।

लकब :

आप का लकब मारुफ महदी हो गा। जिस के मानी हैं हिदायत याफता (जिस को अल्लाह तआला की तरफ से हक़ की हिदायत मिली हो, साथ हो जो शखसियत दुसरों के लिए हिदायत का ज़रीआ बने) इस लिए लफ़्ज़ी एतेबार से हर नेक हिदायत याफता जो सिराते मुस्तकीम पर चले उस को महदी कह सकते हैं। लेकिन अहले सुन्नत वल जमाअत की इसतेलाह में (जो दर हक़ीक़त शरई इस्तेलाह) है। जो मायुस कुन हालात में नई उम्मीद बन कर तशरीफ लाएं गे, और उस उम्मत के लिए आलमी सर बुलंदी का ज़रीआ साबित हों गे। और जिन की खास अलामतें और तआरुफी अहवाल सहीह सनद के साथ सहीह अहादीस में मज़कुर हैं और उन अलामतों का इनतेबाक इस खास महदी के सिवा किसी और पर हो ही नहीं सकता।

इमाम का शब्द :

हज़रत महदी के नाम के साथ बज़ लोग इमाम का शब्द इस्तेमाल करते हैं, और हमारे बाज़ उलमा ने पुरे वुसुक दलाएल के साथ इस की इजाज़त भी दी है लेकिन سداً للباب इस को ना इस्तेमाल करना ही मुनासिब है। ना तो आप के हक़ में इस्तेलाह बना कर इस शब्द का इसतेमाल किया जाए और ना ही लुग़वी तौर इसतेमाल दुरुस्त है। कियुँ कि इमाम का शब्द इस्तेमाल करने में एक शीई नुकतए नज़र की तरवीज का शुबा होता है और वह यह है कि शीआ हज़रात जिन बारा अफराद की असमत के काएल हैं उन को इमाम से ताबीर करते हैं, लिहाज़ा हज़रत महदी के साथ इमाम का शब्द इसतेमाल करने में शीओं के इसतेमाल के पेशे नज़र इलतेबास हो गा, इस वजह से इस का तर्क ही अफ़ज़ल है। और लुग़वी एतेबार से भी हज़रत महदी

के लिए इस शब्द को इसतेमाल ना किया जाए कियुँ कि मरतबे में उन से भी बडे हज़रात खुलफाए राशिदीन के लिए इस शब्द के इस्तेमाल का रिवाज नहीं है।

अलैस्सिलाम का शब्द :

इस तरह बाज़ लोग आप के लकब के साथ अलैहस्सिलाम का शब्द बोलते हैं। जब कि आम तौर पर यह शब्द नबियों और फरशितों के लिए ही इस्तेमाल होता है, और हज़रत महदी ना तो नबी हैं और ना फरशिते, इस लिए अलैस्सिलाम का शब्द नहीं इस्तेमाल करना चाहिए बलकि रज़िअल्लाहु अन्हु कहना मुनासिब है।

चुनांचे उस्ताज़े मोहतरम हज़रत मुफती सईद अहमद साहब पालनपुरी दामत बरकातुहुम ''हुज्जतुल्लाहुलबालेग़ा'' की अपनी बे मिसाल शरह ''रहमतुल्लाहिलवासेआ'' में लिखते हैं : तंबीह : हज़रात हसनैन रज़ि. के असमाए गिरामी के साथ शब्द इमाम का इस्तेमाल हज़रत शाह साहब रह. ने खुतबाते जुमआ के खुतबए सानिया में भी फरमाया है जब की इन की इमामत का अक़ीदा शीओं का है, और यह उज़्र कि शायद लुग़वी मानी में इसतेमाल किया हो इस लिए द्रुस्त नहीं है कि खुलफाए राशिदीन के नामों के साथ यह शब्द इसतेमाल नहीं फरमाया, जब के वह ज़्यादा हकदार थे। इसी तरह बहुत से मुसन्नेफीन के कलम से उन बुजुर्गों के नाम के साथ अलैहस्सिलाम निकल जाता है जो अहले सुन्नत के नज़दीक किसी भी तरह द्रुस्त नहीं कियुँ कि बारह इमामों की नुबुव्वत और असमत का अकीदा शीओं का है। (१/८५)

अलैहिस्सलाम के शब्द के इस्तेमाल के सिलसिले में तकरीबन यही बातें मौलाना खैर मोहम्मद जलांधरी साहब ने (खैरुल फतावा १/१४७) में एक फतवे के सवाल के जवाब में लिखी है।

ग़रज़ इमाम महदी अलैस्सिलाम यह लकब जो लोगों में मशहुर हो गया है, शीआ असरात का नतीजा हो सकता है, या बे खबरी में मोहब्बत के

गलबे की बिना पर ऐसी बातैं ज़बान और कलम से निकल जाती हैं। इस लिए इहतियात बहुत ज़रुरी है। रही बात यह कि आप को रज़िअल्लाहु अन्हु कहना कैसे सहीह हो सकता है? तो वह इस वजह से कि आप तकरीबन दो साल तक हज़रत ईसा अलैहिस्सलाम की सोहबत में रहें गे, और कुछ रिवायतों में हज़रत महदी के मुतअल्लिक يرضى عنه ساكن السماء وساكن الأرض के अलफाज़ आए हैं, देखें (कनजुल उम्माल १४/२७०, सं. ३८५८५६) यानी आसमान और ज़मीन के लोग इन से राज़ी हों गे। इस लिहाज़ से जुहूर के बाद रज़िअल्लाहु अन्ह के पाकीज़ा कलमात के साथ हज़रत महदी रज़ि. का तज़केरा जाएज़ हो गा।

नोट : अहादीस में हज़रत महदी रज़ि. के लिए कसरत से लफ़्ज़ इमाम इस्तेमाल हुवा है, इसी वजह से पुराने ज़माने के और नए ज़माने के ओलमाए किराम का एक बडा गरोह हज़रत महदी रज़ि. के लिए इमाम का शब्द इसतेमाल करते आ रहा है, अलबत्ता चुंकि इमामत का अकीद शीओं का बुनियादी और अहम अकीदा है, हमारे लिए यही मुनासिब है कि हम इस शब्द के इस्तेमाल से बचें।

खुलासा यह हुवा कि आप का मुनासिब लकब हज़रत महदी रज़िअल्लाहु अन्ह है।

वतन :

عن امّ سلمة زوجِ النبي صلى الله عليه وسلم قال : يكون اختلاف عند موت خليفةٍ، فيخرجُ رجلٌ من أهل المدينة هارباً الى مكة فيأتيه ناسٌ من اهل مكةَ فيُخرِجُونه وهو كارهٌ فيُبَايعونه بَين الرّكن والمَقام ...الخ (ابوداؤد ٢/٥٨٩) तरजुमा : एक खलीफा की मौत के वक्त इखतेलाफ हो गा, तब मदीना वालों में से एख शख्स मक्का की तरफ भाग निकले गा, लोग इस के पास आ कर उसे इमामत के लिए निकालें गे हालांकि वह उस को पसंद ना करता हो गा, फिर वह लोग हजरे असवद और मक़ामे इब्राहीम के बीच उस से बैअत करें गे।

आप का वतने मालुफ और जाए विलादत मदीना मुनव्वरा है और जाए जुहूर मक्का मुकर्रमा है। और आप बैतुल मुकद्दस (मुल्के शाम) की तरफ दीन की सरबुलंदी के लिए हिजरत करें गे।

मुल्ला अली कारी रह. शरहे फिक्हे अकबर में लिखते हैं ان المهدى يظهر اولا فى الحرمين الشريفين ثم يأتى بيت المقدس ..الخ (شرح فقه اكبر ٦٣١) कि हज़रत महदी रज़ि. पहले हरमैन शरीफैन में ज़ाहिर हों गे, फिर बैतुल मुकद्दस (यरोशलम) तशरीफ ले जाएं गे।

शकल व सुरत (हुलिया मुबारक) :

आप रज़ि. की शकल व सुरत के मुतअल्लिक शाह रफीउद्दीन साहब दहलवी रह. लिखते हैं कि : आप का कद व कामत कदरे लंबा, बदन चुस्त, रंग खुला हुवा और चेहरा आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के चेहरे से मुशाबा हो गा। नीज़ आप रज़ि. के अखलाक़ पैगमबरे खुदा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम से पुरी तरह मुशाबहत रखते हों गे। (अलामाते कयामत १०)

अहादीस में आप के नाम व नसब के साथ शकल व सुरत को भी इजमालन ज़िक्र किया गया है, ता कि आप की शखसियत को पहचानने में कोइ शक व शुबह न रहे।

इस सिलसिले में अबु दाऊद शरीफ की रिवायत के अलफाज़ यह है عن أبى سعيد الخدري رضي الله عنه قال : قال رسول الله صلى الله عليه وسلم : المهديُّ مِنّى أجْلى الجَبْهَةِ أقنى الأنف يمْلأُ الأرضَ قِسطاً وعَدلاً كما مُلِئتْ ظلماً وجُوراً ويملكُ سبعَ سنين (أبو داؤد كتاب المهدى ٢/٥٨٨) यानी हज़रत महदी रज़ि. मेरी औलाद में से है, जो कुशादा पेशानी और बुलंद व बारीक नाक वाले हैं।

इस हदीस में आंखों से नज़र आने वाली हज़त हमदी रं. की दो जिसमानी निशानियों का भी ज़िक्र किया गयाहै, एक यह कि वह रौशन और कुशादा पेशानी वाले हों गे, और दुसरी यह कि वह बुलंद बीनी हों गे, इन दोनों

चीज़ों को इनसान की खुबसुरती और हुस्न व जमाल में खास दखल होता है। इसी लिए खुसूसियत से इन का ज़िक्र किया गया है, यही वजह है कि रसुलूल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के हुलियए मुबारक में भी इन दोनों चीज़ों का ज़िक्र आता है। (शमाएले तिरमिज़ी २)

इन दो निशानियों के ज़िक्र का मतलब समझ लेना चाहिए कि वह हसीन व जमील भी हों गे। लेकिन उन की असल निशानी और पहचान उन का यह कारनामा हो गा कि दुनिया से ज़ुल्म का खातमा हो जाए गा, और हमारी यह दुनिया इनसाफ की दुनिया हो जाए गी। (मआरिफुल हदीस १७१/८)

इसी किस्म की एक रिवायत मुसतदरक हाकिम में भी है : عـن ابـى سعيد الخدري رضي الله عنه قال : قال رسول الله صلى الله عليه وسلم : المهديُّ مِنّا أهل البيت أشمُّ الأنف، أقنى، أجلى يملأُ الأرضَ قِسطاً وعدلاً كما مُلئت جَوراً وظُلماً يعيشُ هكذا، وبسط يسارَهُ واصبعين من يمينه المُسبّحةَ والابهام وعقد ثلاثة" هذا حديث صحيح على شرط مسلم، ولم يُخرِجاه (مستدرك للحاكم ٤/٠٠٦، رقم ٨٦٧٠) तरजुमा : आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने इरशाद फरमाया कि महदी हम अहले बैत में से होगा, सीधी और बारीक नाक वाला, खुली पेशानी वाला हो गा। वह ज़मीन को उसी तरह अद्ल व इनसाफ से भर दे गा जिस तरह वह ज़ुल्म और सितम से भरी हुइ थी। वह इतने (साल) ज़िंदा रहे गा (यह फरमाने के बाद) आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने (पांचों उंगलियाँ फैलाते हुए) उलटे हाथ को खोल दिया और सीधे हाथ की दो उंगलियों (शहादत की उंगली और अंगुठा) को खोल दिया और बाक़ी तीन बंद रखीं (गोया कुल सात उंगलियाँ खोल दी)

और कुछ रिवायत में मज़ीद एक जिसमानी सिफत इस तरह वारिद हुइ है। عن علي رضي الله عنه قال : المهدى فتىً من قريش ادم ضربٍ من الرجال (منتخب كنز العمال ٣٦/٦ على هامش مسند احمد) कि हज़रत

महदी रज़ि. गंदुमी रंग और छरीरे बदन वाले कुरैश के नवजवान हों गे।

मज़कुरा नुसूस में आप के तीन औसाफे जिस्मानिया का ज़िक्र है। मगर बतौरे अलामत तो यही वारिद है कि आप को रसुलूल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के साथ सीरत में मुशाबहत हो गी, हाँ इस बात से इनकार नहीं कि इल्म व अमल, रुहानी और इखलाकी कमालात के साथ साथ आप की वजीह शकल व सुरत आप की तरफ लोगों की कशिश का ज़रीआ हो गी।

चुनांचे अबुदाऊद रह. ने हज़रत उम्मे सलमा रज़ि. की रिवायत के ज़ेल में ज़िक्र किया है। يشبهـه فى الخُلُق ولا يشبهه فى الخَلق (अबुदाऊद ५८९/२, नं. ४२९१) हज़रत महदी रज़ि. अखलाक में तो आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के मुशाबह हों गे लेकिन शकल सुरत में नहीं।

चुनांचे साहबे बज़लुल मजहुल फरमाते हैं। يشبهه فى الخُلُق أى فى أخـلاقه العالية ولا يشبهه فى الخَلق أى فى ظاهر الصورة (बज़लुल मजहुद १०३/५) यानी हज़रत महदी रज़ि. अपने बुलंद अखलाक में तो आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम से मुशाबह हों गे लेकिन ज़ाहिरी शकल व सुरत में मुशाबह नहीं हों गे।

इस से एक बात यह भी ज़ाहिर होती है कि हज़रत महदी रज़ि. के अखलाक जब अल्लाह के रसुल सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के अखलाके तय्येबा से मुशाबहत रखते हों गे तो यह अखलाक़ी मुशाबहत आप को पहचानने के लिए बहुत बडी अलामत साबित हो गी, और यह भी मालुम हुवा कि ज़रुरी नहीं कि वह आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम से जिसमानी तौर पर कामिल मुशाबहत नहीं रखते हों गे।

ज़ुहूरे महदी रज़ि.
और उस वक्त के हालात

हज़रत महदी रज़ि. का ज़ुहूर किस तरह हो गा :

हज़रत महदी रज़ि. के जुहूर के वक्त का तअय्युन हम नहीं कर सकते। हाँ बहुत सी अहादीस में हज़रत महदी रज़ि. के जुहूर का वाकेआ बयान किया गया है, इस का हासिल यह है कि एक खलीफा का इनतेकाल हो गा और मुसलमानों में इमारत के बारें में इखतेलाफ हो गा कि किस को अमीर बनाया जाए। अहले मदीना में से एक बा कमाल शख्स (हज़रत महदी रज़ि. जो अभी लोगों में पहचाने नहीं गए हों गे) मक्का मुकर्रमा की तरफ चला जाए गा। उन को अंदेशा हो गा कि लोग मुझ को खलीफा बना दें गे और वह खुद यह मनसब कुबूल करना पसंद नहीं करते हों गे। और अपने आप को छुपाने की कोशिश करें गे लेकिन अहले मक्का आप की वजीह और बा कमाल शखसियत से पहचान लें गे और उन (हज़रत महदी रज़ि.) के ना चाहने के बावजुद हजरे असवद और मकामे इब्राहीम के दरमियान उन के हाथ पर बैअत करना शुरु कर दें गें। बिलकुल शुरु में जो लोग हज़रत महदी रज़ि. के दस्ते बाबरकत पर बैअत की सआदत हासिल करें गे उन की तअदाद असहाबे बदरिय्यीन और असहाबे तालुत की तरह ३१३ हो गी। (गज़वए बदर के मौके पर मशहुर कौल के मुताबिक ३१३ सहाबा थे और हज़रत तालुत के साथ उन की हिदायत पर अमल कर के जालुमत की तरफ मुकाबले के लिए आगे बढने वाले भी ३१३ थे) यह ३१३ हज़रात बहुत ही उंचे दरजे के इमान वाले हों गे और आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के ज़माने के बाद से अगले पिछले तमाम लोगों से अफज़ल हों गे। फिर जैसे जैसे खबर फैलती जाए गी मुखलिसीन मुखतलिफ जमाअतों में पहुंच कर आप के गिर्द जमा होते रहें गे। मशरिक की तरफ से एक जमाअत आए गी और हज़रत महदी रज़ि. की ताइद कर के कयामे हुकूमत में तआवुन करे गी।

इस सिलसिले की रिवायात इस तरहैं।

(١) حدثنا حرملةُ بن يحيى المصرى و ابراهيم بن سعيد الجوهريُ قالا : حدثنا ابو صالح عبدالغفار بن داوٗد الحرانى قال : حدثنا ابن لهيعة، عن أبى

زرعة عمرو بن جابر الحضرمی، عن عبدالله بن الحارث بن جزء الزبیدی رضي الله عنه قال : قال رسول الله صلی الله علیه وسلم : یخرج ناسٌ من المشرق فیوطون للمهدی یعنی سلطانه (सुनन इब्ने माजा २००, नं. ४०८८) यानी मशरिक से लोग आएं गे और कयामे सलतनत में हज़रत महदी रज़ि. की मदद करें गे।

इस हदीस के तमाम रुव्वात पर तफसीली कलाम करते हुए हज़रत मुफती निज़ामुद्दीन शामज़ई रह. फरमाते हैं कि यह हदीस भी काबिले एतेबार है, कियुँ कि किसी ने इस को मोजु नहीं कहा है।

इराक, शाम, यमन के अबदाल भी आएं गे और हज़रत महदी रज़ि. के हाथ पर बैअत करें गे।

इबतेदाइ मरहले में हज़रत महदी रज़ि. का लशकर असबाब के एतेबार से कमज़ोर हो गा। लेकिन अल्लाह तआला की नुसरत और मदद उन के शामिले हाल होगी जिस की बरकत से आप आगे बढते चले जाएं गे।

(٢) أخبرنا عبد الرزاق، عن معمر، عن قتادة الى النبي صلی الله علیه وسلم قال : یکون اختلافٌ عند موت خلیفةٍ، فیخرجُ رجلٌ من المدینة فیأتی مکة، فیستخرجه الناس من بیته وهو کارهٌ، فیبایعونه بین الرکن والمقام، فیبعثه الیه جیش من الشام، حتی اذا کانوا بالبیداء خسف بهم، فیأتیه عصائبُ العراق وأبدال الشام، فیبایعونه فیستخرج الکنوزَ ویقسّم المال، ویُلقی الاسلامُ بجِرانه الی الأرض، یعیش فی ذلك سبع سنین أو قال تسعَ سنین" (मुसन्नफ अब. रज़्ज़ाक़ ३७१/११, नं. २०७६९ व अबु दाऊद नं. ४२८६) तरजुमा : एक खलीफा की मौत के वक्त जब इखतेलाफ होगा, उस वक्त एक शख्स मदीना मुनव्वरा से निकल कर मक्का मुकर्रमा की तरफ चला जाए गा, लोग उसे जबरन उस के घर से निकाल कर हजरे असवद और मकामे इब्राहीम के दरमियान उस से बैअत हों गे। शाम की जानिब से उस के मुकाबले में एक लशकर भेजा जाए गा, वह लशकर मुकामे बैदा पर हो गा तो

उसे धंसा दिया जाए गा, फिर उन के पास इराक की टुकडियाँ और शाम के अबदाल हज़रात तशरीफ लाएं गे और उन से बैअत लें गे, वह खज़ानों को निकालें गे और माल तकसीम करें गे और इसलाम को ज़मीन में इसतेकरार हासिल हो गा। और वह उसी हाल में सात या नौ साल रहें गे।

(٣) عن حفصة رضي الله عنها أنها سمعت النبي صلى الله عليه وسلم يقول: ليؤمنّ هذا البيت جيشٌ يغزونه حتى اذا كانوا بِبَيْداءَ من الأرض يُخسَفُ بأوسطهم، ويُنادى أولُهم آخرَهم ثم يخسف بهم فلا يبقىٰ الّا الشريد الذى يخبر عنهم" فقال رجلٌ أشهد عليك أنك لم تكذب على حفصة، وأشهد على حفصة أنها لم تكذب على النبي صلى الله عليه وسلم (मुसलिम ३८८/२, ना. २८८३) तरजुमा : आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने इरशाद फरमाया कि बखुदा एक दिन लशकर इस घर (बैतुल्लाह) का कस्द करे गा यहाँ तक कि जब वह मुकामे बैदा पर हो गा तो उस के दरमियनी हिस्सा (कल्ब) दो धंसा दिया जाए गा, उस का अगला हिस्सा उन के पिछले हिस्से को पुकारे गा, फिर उन दोनों को भी धंसा दिया जाए गा, तब खबर रसाँ शख्स के इलावा कोई ज़िंदा ना बचे गा।

(٤) حدثنى محمد بن حاتم بن ميمون، حدثنا الوليد بن صالح، حدثنا عبيد الله بن عمرو، أخبرنا زيد بن أبى انيسة، عن عبد الملك العامرى، عن يوسفَ بن ماهَكَ قال: أخبرنى عبدالله بن صفوان، عن أم المؤمنين أن رسول الله صلى الله عليه وسلم قال: "سيعوذ بهذا البيت يعنى الكعبة قومٌ ليست لهم منعةٌ ولا عددٌ ولا عُدّةٌ، يُبعث اِليهم جيشٌ حتى اذا كانوا بيداء من الأرض خُسف بهم" قال يوسف: وأهلُ الشام يومئذٍ بِبيداء يسيرون الى مكة، فقال عبدالله بن صفوان أمَ والله ما هو بهذا الجيش، قال زيدٌ: وحدثنى عبدالملك العامرى، عن عبدالله بن سابط، عن الحارث بن أبى ربيعة، عن أُمّ المؤمنينؓ بمثل حديث يوسفَ بنِ ماهَك غيرَ أنّه لم يذكر فيه الجيش الذى ذكره عبدالله بن صفوان (मुसलिम

३८८/२) यानी अनकरीब बैतुल्लाह में एक क़ौम पनाह गज़ीन हो गी जिस के पास ना कुव्वते मुदाफेअत हो गी ना तअदाद और ना तय्यारी, उस की तरफ लशकर कशी की जाए गी, यहाँ तक कि जब वह लशकर मकामे बैदा पर होगा तो उस को धंसा दिया जाए गा, युसूफ बिन माहक (रावी) फरमाते हैं कि उस वक्त अहले शाम मक्का की जानिब कुच कर रहें हों गे।

सुफयानी का खुरूज और हज़रत महदी रज़ि. की पहली मुबय्यना करामत :

सुफयानी का वाकेआ हज़रत महदी रं. के वाकेआत में बहुत ही अहम है। सुफयानी (खादिल बिन यज़ीद बिन अबु सुफियान की औलाद में से हो गा इस लिए उस को सुफयानी कहते हैं। इस का नाम उरवा बताया गया है) यह खानदान कुरैश से तअल्लुक रखने वाला एख शख्स हो गा और इस का ननिहयाल बनुल कल्ब कबीले से हो गा, इस लिए बनुकल्ब के लोग इस के हम नवा हों गे।

सुफियानी का तअल्लुक मुल्के शाम (सीरिया) में दिमशक के सहराइ अतराफ से हो गा, उस का हुक्म शाम और मिस्र से अतराफ में चले गा। यह बहुत ही ज़ालिम और जाबिर शख्स हो गा, लोगों का कत्ले आम करे गा, खास तौर पर सादात इस का निशाना हों गे, औरतों के पेट चाक करे गा, बच्चों का कत्ल करे गा। कबीलए कैस के लोग उस के मुकाबले के लिए जमा हों गे तो वह उन सब को कत्ल कर दे गा।

इस सिलसिले की रिवायतें इस तरह हैं।

(١) عن أبى هريرة رضي الله عنه قال: قال رسول الله صلى الله عليه وسلم: يخرج رجلٌ يقالُ له السفيانى فى عُمُق دمشق، وعامّةُ من يتبعهُ من كلب، فيَقتُل حتى يبقربُطون النساء ويقتل الصبيان، فتَجمع لهم قيس فيقتلها حتى لا يمنعَ ذَنَبَ تلعةٍ، ويخرجُ رجلٌ من اهل بيتى فى الحرّة فيبلغ السفيانيّ، فيبّعث له جنداً من جُنده، فيَهزِمهم، فيسيرُ اليه السفيانى بمن

معه، حتى اذا صار ببيداءَ مِنَ الارض خُسف بهم، فلا ينجو منهم الّا المُخبِرُ عنهم، هذا حديث صحيح الاسناد على شرط الشيخين، ولم يُخرجاه (मुसतदरक अलस्सहीहैन नं. ८५८६) तरजुमा : एक शख्स दिमशक से निकले गा, जिस को सुफयानी कहा जाए गा, उस के हम नवाओं की अकसरियत कबीलए बनु कल्ब से हो गी, वह लोगों को कत्ल करता फिरे गा यहाँ तक कि औरतों के पाट चाक करे गा और बच्चों को कत्ल करे गा। कबीलए कैस के लोग लशकरे सुफयानी के मुकाबले में जमा हो जाएं गे, वह उन का भी कला कमा करदे गा यहाँ तक कि उन में कोइ भी ज़िनदं नहीं बचे गा, फिर मेरे अहले बैत में से एक शख्स (यानी महदी रज़ि.) हर्रा के मुकाम पर निकले गा। जब सुफयानी को इस की खबर पहुंचे गी तो वह उन से मुकाबले के लिए अपनी एक फौज भेचे गा, महदी उस सब को शिकस्त दे दें गे, फिर खुद सुफयानी अपना लशकर ले कर उन के मुकाबले के लिए आए गा, यहाँ तक कि जब वह बैदा के मुकाम तक पहुंचे गा तो ज़मीन उन को निगल ले गी, उन में से खबर रिसाँ के इलावा कोइ बच ना पाए गा।

हासिल यह है कि इस ज़ालिम व जाबिर शख्स को जब हज़रत महदी रज़ि. के जुहूर की खबर हो गी तो वह फौरी तौर पर अपना एक लशकर हज़रत महदी रज़ि. के मुकाबले के लिए भेजे गा। वह लशकर मक्का मुकर्रमी की तरफ चले गा और मकामे बैदा तक पहुंच कर पडाव डाले गा (बैदा : जुलहुलैफा के सामने मक्का की तरफ एक चटियल मैदान है) अचानक लशकर का दरमियानी हिस्सा ज़मीन में धंस पडे गा, आगे वाले पीछे वालों को इस की खबर करें गे कि कहीं वह भी इस मुसीबत का शिकार न हो जाएं लेकिन कुछ कर लेने से पहले इन दोनों को (यानी आगे औा पीछे वालों को) भी धंसा दिया जाए गा, सिर्फ एक आदमी बडी मुशकिल से बच सके गा। जो दुसरों को इस हादसे की इत्तेला दे गा। इस बडे लशकर का ज़मीन में धंसाया जाना हज़रत महदी रज़ि. के लिए नुसरते इलाही और आप की एक अजीब करामत

हो गी जिस से दुर दुर तक आप का शोहरा हो गा।

(٢) عن عائشة رضي الله عنها قالت : قال رسول الله صلى الله عليه وسلم : العَجَبُ أنَّ ناساً من أمتى يؤُمُّونَ البيتَ برجلٍ من قريش قد لَجّأ بالبيت حتى اذا كانوا بالبيداء خُسف بهم، فقُلنا يا رسول الله : انَّ الطريق يجمع الناس، قال : نعم، فيهم المُستبصر والمجبور وابن السبيل، يهلكون مهلكاً واحداً ويصدرون مصادر شتّى، يبعثُهم الله على نيّاتهم" मुसलिम किताबुल फितन ३८८/२, नं. २८८४) आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने इरशाद फरमाया कि तअज्जुब की बात है कि मेरी उम्मत के चंद लागे कुरैश के एक शख्स (के साथ जंग) के लिए बैतुल्लाह का रुख करें गे, जिस ने बैतुल्लाह में पनाह ले रखी हो गी, यहाँ तक कि जब वह लशकर मकामे बैदा पर पहुंचे गा तो उस को धसा दिया जाए गा, हम ने पुछा : ऐ अल्लाह के रसुल (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्ल) रासतेर पर तो कुसुर वार और बे कुसुर हर किस्म के लोग होते हैं ? तौ आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया : जी हाँ ! उन धंसने वालों में रज़ा मंद, मजबुर और राह गुज़र हर किस्म के लोग हों गे, सब यक बारगी हलाक हो जाएं गे, फिर अल्लाह तआला उन्हें अपनी अपनी निय्यतों के मुताबिक कयमात में दोबारा उठाएं गे।

फायदा : जब सुफयानी लशकर के धंसा दिए जाने की खबर मिले गी तो वह खुद लशकर ले कर मक्का की तरफ चले गा, और मक्का मुकर्रमा पर चढाइ करे गा। मुसलमान उस वक्त हज़रत महदी रज़ि. की इमारत में ज़ाहिरी असबाब के लिहाज़ से बहुत ही कमज़ोर हों गे, गोया बदर जैसा मंज़र हो गा, लेकिन अल्लाह तआला की मदद आए गी और सुफयानी के लशकर को भारी शिकस्त हो गी और हज़रत महदी रज़ि. का लशकर ग़ालिब आ जाए गा।

इस सिलसिले में अबु दाऊद शरीफ में हज़रत उम्मे सलमा रज़ि. से एक रिवायत इस तरह है। حدثنا محمد بن المُثنّى، حدثنا مُعاذ بن هشام، حدثني أبى، عن قتادةَ، عن صالح أبى الخليل، عن صاحب لهُ، عن أُمِّ سلمة

زوج النبي صلى الله عليه وسلم قال : يكون اختلافٌ عند موت خليفةٍ، فيخرُجُ من أهل المدينة هارباً الى مكة، فيأتيه ناسٌ من أهل مكة، فيُخرجونه وهو كاره، فيبايعونه بين الركن والمقام، ويبعثُ اليه بعثٌ من الشام، فيُخسف بهم بالبيداء بين مكة والمدينة، فإذا رأى الناسُ ذلك أتاه أبدالُ وعصائب اهل العراق، فيبايعونه، ثُمَّ ينشا رجلٌ من قريش أخواله كلبٌ فيَبعث اليهم بعثاً، فيظهرون عليهم وذلك بعثُ كلبٍ، والخيبةُ لِمَنْ لم يشهدُ غنيمةَ كلبٍ، فيقسم المال ويعمل فى الناس بسنة نبيهم صلى الله عليه وسلم ويُلقى الاسلام بِجرانه الى الأرض فيلبث سبعَ سنين، ثُمّ يتوفىٰ ويصلّى عليه المسلمون (अबुदाऊद ५८९/३ किताबुल महदी)

तरजुमा : हज़रत उम्मे सलमा रज़ि. आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम से रिवायत करती हैं कि आप ने इरशाद फरमाया कि : एक खलीफा के इनतेकाल के वक्त इखतेलाफ हो गा, तब अहले मदीना में से एक शख्स भाग कर मक्का मुकर्रमा की तरफ जाए गा, तब अहले मक्का उस के पास आएं गे और उन्हें ज़बरदस्ती निकालें गे फिर हजरे असवद और मकामे इबराहीम के दरमियान उस से बैअत करें गे। फिर मुल्के शाम से उन की तरफ एक लशकर भेजा जाए गा, इस लशकर को मकामे बैदा में धंसा दिया जाए गा जो मक्का मुकर्रमा और मदीना मुनव्वरा के दरमियान वाके है। जब लोग इस को देखें गे तो शाम के अबदाल और इराक के नेक लोगों की जमाअतें उन के पास आ कर बैअत करे गी। फिर कुरैश का एक शख्स ज़ाहिर हो गा जिस के मामुं कबीलए बनु कल्ब के हों गे और हज़रत महदी रज़ि. के मुकाबले के लिए लशकर कशी करे गा तो उन का लशकर इस (सुफयानी) के लशकर पा गालिब आजाए गा, यह कबीलए बनु कल्ब का लशकर हो गा। जो कबीलए कल्ब की गनीमत में हाज़िर ना हुवा उस के लिए खसारा है। फिर हज़रत महदी रज़ि. माल तकसीम करें गे और लोगों में आखरी रसुल सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के शरीअत के मुताबिक अहकाम नाफ़िज़ फरमाएं गे। और इसलाम अपनी गरदन ज़मीन पर डाल दे

गा (यानी इसलाम को ज़मीन में चैन नसीब हो गा) और वह सात साल तक ज़िंदा रहें गे फिर हज़रत महदी रज़ि. वफात पा जाएं गे और मुसलमान उन की नमाज़े जनाज़ा पढें गे।

इस रिवायत में "عن صاحب له" की इबारत से मालुम हुवा कि एक रावी मजहुल है मगर दुसरे तरीके से इस रावी मजहुल की तायीन हो जाती है कि इस से मुराद हज़रत अब्दुल्लाह इब्ने हारिस हैं।

नोट : सुफयानी और कबीलए कल्ब की शिकस्त के बाद हज़रत महदी रज़ि. हासिल शुदा गनीमत का माल तकसीम करें गे। तकसीमे गनीमत में नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की सुन्नत पर अमल करें गे और माल लेने वालों को लप भर भर कर जितना वह उठा कर ले जा सकें गे अता फरमाएं गे।

हदीस शरीफ में इस मारके में हासिल शुदा माले गनीमत की भी बडी अहमियत बतलाइ गइ है। عن أبى هريرة رضي الله عنه مرفوعاً : المحروم من حرم غنيمة كلبٍ ولو عقالا، والذى نفسى بيده لتُباعَنّ نسائهم على درج دمشق، حتى تُردَّ المرأةُ من كسرٍ يوجَد بساقها (मुसतदरिक लिलहाकिम, नं. ८३२९ अला शरतिश्शैखैन)

खुलासा यह है कि जो कल्ब की गनीमत में शरीक हो जाए गा (चाहे एक इकाल के बराबर ही उसे मिला हो) वह सब से सआदत मंद समझे जाएं गे, और जो इस गनीमत में शरीक नहीं हुवा उन को महरुम माना जाए गा, गोया सुफयानी के लशकर से मुकाबला करने के लिये अहले हक़ को हदीस शरीफ में तरग़ीब दी गइ है। माले गनीमत के इलावा कल्ब की औरतों को बांदियां बनाया जाए गा। और बादंदियों की इतनी कसरत हो गी कि वह दिमशक की शाहराह पर फरोख्त हों गी, उन में से एक औरत (बांदी) सिर्फ पिंडली टुटी हुइ होने की वजह से वापस की जाए गी।

मुल्के शाम की फतेह :

हज़रत महदी रज़ि. के ज़ुहूर के बाद सुफयानी का लशकर धंसा दिए

जाने से आप की शोहरत व मकबुलियत आम हो जाए गी। अहले हक मुखतलिफ इलाकों से जोक दर जोक आप के पास आप की खिदमत में हाज़िर हों गे। आप मक्का मुकर्रमा से मदीना मुनव्वरा तशरीफ लाएं गे। रौज़ए अकदस पर हाज़री के बाद आप मुल्के शाम की तरफ रवाना हों गे। मुल्के शाम में उस वक्त रुमियों का तसल्लुत हो गा।

हज़रत महदी रज़ि. की मा तहती में होने वाली जंगों और दीगर अहवाल की वज़ाहत के लिए हज़रत अबदुल्लाह इब्ने मसऊद रज़ि. की उस मुफस्सल रिवायत का ज़िक्र करना मुनासिब मालुम होता है जिस को नुऐम बिन हम्माद रह. ने ''अलफितन'' में और इन ही के हवाले से अल्लामा सुयुती रह. ने ''जामे कबीर'' में और सैय्यद बरज़ंजी रह. ने ''अलइशाआ'' में ज़िक्र किया है, उस रिवायत से इस बाब के वाकेआत की तरतीब पर काफ़ी रौशनी पडती है। नीज़ इस से बेशतर अजज़ा की ताइद सिहाह में सराहतन मिल जाती है।

عن عبدالله بن مسعود رضي الله عنه، عن النبي صلى الله عليه وسلم قال : يكون بين المسلمين وبين الروم هدنة وصلح، حتى يقاتلوا معهم عدوا لهم، فيقاسمونهم غنائمهم، ثم ان الروم يغزون مع المسلمين فارس، فيقتلون مقاتلتهم ويسبون ذراريهم، فيقول الروم : قاسمونا الغنائم كما قد قاسمناكم، فيقاسمونهم الأموال وذرارى الشرك، فيقول الروم : قاسمونا ما أصبتم من ذراريكم، فيقولون : لا نُقاسمكم ذرارى المسلمين أبداً، فيقولون غدرتم بنافترجع الروم الى صاحبهم بالقسطُنطنية فيقولون : ان العرب غدرت بنا، ونحن أكثر منهم عدداً، وأتم منهم عدة، وأشد منهم قوة، فأمدّنا نقاتلهم، فيقول : ما كنتُ لاغدربهم، قد كانت لهم الغلبة فى طول الدهر علينا، فيأتون صاحب رومية فيُخرجونه بذلك فيوجه ثمانين غايةً تحت كل غاية اثنا عشر ألفاً فى البحر، ويقول لهم صاحبهم اذا رسيتم بسواحل الشام فأحرقوا المراكب لتقاتلوا عن أنفسكم لهم

صاحبهم : اذا رسيتم بسواحل الشام فأحرقوا المراكب لتقاتلوا عن أنفسكم فيفعلون ذلك، ويأخذون أرض الشام كلها برها وبحرها، ما خلا مدينة دمشقَ والمعتق، ويخربون بيت المقدس.

قال : فقال ابن مسعودٍ رضي الله عنه : وكم تسع دمشقُ من المسلمين؟ قال : فقال النبي صلى الله عليه وسلم : والذى نفسى بيدى لتتسِعنَّ على من يأتيها من المسلمين كما يتّسعُ الرحمُ على الولد.

قال : قلت : وما المُعتق يا نبي الله ؟ قال : جبل بأرض الشام من حمص على نهر يقال لها الأرنط، فتكون ذرارى المسلمين فى أعلى المعتق والمسلمون على نهر الأرنط، والمشركون خلف نهر الأرنط يقاتلونهم صباحاً ومساءً، فاذا أبصر ذلك صاحبُ القسطنطينية وجّهَ فى البَر الى قِنَّسُرين ستَّمائةِ ألف حتى تجيئهم مادةُ اليمن سبعين ألفاً، ألّفَ الله قلوبهم بالايمان، معهم أربعون ألفاً من حمير حتى يأتوا بيت المقدس فيقاتلون الروم فيهزمونهم ويخرِجونهم من جند الى جند، حتى يأتوا قِنَّسرين وتجيئهم مادة الموالى، قال : قلتُ وما مادّة الموالى يا رسول الله صلى الله عليه وسلم قال : هم عِتاقَتكم، وهو منكم قومٌ يجيئون من قِبَل فارسَ فيقولون تعَصبتم يا معشر العرب، لا نكون مع أحد من الفريقين أو تجتمع كلمتكم، فتقاتل نزارُ يوماً واليمن يوماً والموالى يوماً، فتُخرجون الرومَ الى العمق وينزل المسلمون على نهر يقال له كذا وكذا يعزى، والمشركون على نهر يقال له الرقية وهو النهر الأسود، فيقاتلونهم فيرفع الله تعالى نصره عن العسكرين وينزل صبره عليهما حتى يقتل من المسلمين الثلث، ويفر الثلث، ويبقى الثلث، فأما الثلث الذين يُقتلون فشهيدهم كشهيد عشرةٍ من شهداء بدر يشفع واحدٌ من شهداء بدر لسبعين، وشهيد الملاحم يشفع لسبع مائة، وأما الثلث الذين يفرون فانهم يفترقون ثلثة أثلاث، ثلثٌ يلحقون بالروم ويقولون : لو كان الله بهذا الدين من حاجة لَنصرَهم وهم مسلمة العرب بهراء وتنوخ وطيء وسليح

وثلثٌ يقلن : منازلُ ابائنا وأجدادنا خيرٌ لا تنالنا الروم أبداً، مُرّوا بنا الى البدو وهم الأعراب، وثلثٌ يقول :إنّ كلّ شيءٍ كاسمه، وأرض الشام كاسمها الشؤم، فسيروا بنا الى العراق واليمن والحجاز حيث لا نخاف الروم، وأما الثلثُ الباقى بعضهم الى بعض يقولون : الله الله دعوا عنكم العصبيّة ولتجتمع كلمتكم وقاتلوا عدوكم فانكم لن تنصروا ما تعصبتم، فيجتمعون جميعاً ويتبايعون على أن يقاتلوا حتى يلحقوا باخوانهم الذين قتلوا، فاذا أبصر الروم الى من قد تحوّلَ اليهم ومن قتل ورأو قلّة المسلمين قام روميٌّ بين الصفين معه بُندٌ فى أعلاه صليبٌ فينادى "غلبَ الصليبُ" فيقوم رجلٌ من المسلمين بين الصفينِ ومعهُ بندٌ فينادى "بل غلب أنصارُ الله، بل غلب أنصار الله وأولياء ه" فيغضب الله تعالى على الذين كفروا من قولهم "غلب الصليب" فيقول يا جبريلُ أغث عبادى فينزل جبريلُ فى مائة ألف من الملائكة ويقول يا إسرافيل أغث عبادي فينحدر أسرافيل فى ثلاث مائة ألف من الملائكة وينزل الله نصره على المؤمنين وينزل بأسه على الكفار فيُقْتلون ويهزمون ويسير المسلمون فى أرض الروم حتى يأتوا عَمُّوريةَ وعلى سورها خلقٌ كثير يقولون : ما رأينا شيئاً أكثر من الروم كم قتلنا وهزمنا وما أكثرهم فى هذه المدينة وعلى سورها، فيقولون : امنونا على أن نودّىَ اليكم الجزية، فيأخذون الأمان لهم ولجميع الروم على أداء الجزية وتجتمع اليهم أطرافهم فيقولون : يا معشر العرب ان الدجال قد خالفكم الى دياركم، والخبر باطلٌ فمن كان فيهم منكم فلا يُلقِينّ شيئاً مما معه فانه قوةٌ لكم على ما بقى فيَخرجون فيجدون الخبر باطلاً، ويثِبُ الروم على ما بقى في بلادهم من العرب فيقتلونهم حتى لا يبقى بأرض الروم عربيٌّ ولا عربيةٌ ولا ولدُ عربيّ الّا قُتل، فيبلغ ذلك المسلمين فيرجعون غضباً لله عزوجل فيقتلون مقاتلتهم ويَسبون الذرارى ويجمعون الأموال، لا ينزلون على مدينة ولا حصنٍ فوق ثلثة أيام حتى يفتح لهم، وينزلون على الخليج ويمد الخليج حتى يفيض فيصبح أهلُ القسطنطينية يقولون : الصليبُ مَدَّلنا بحرنا والمسيح ناصرنا فيصبحون والخليج يابسٌ

فتُضرب فيها الأخبيةُ ويحسر البحر عن القسطنطينية ويحيط المسلمون بمدينة الكفر ليلة الجمعة بالتحميد والتكبير والتهليل الى الصباح ليس فيهم نائمٌ ولا جالسٌ، فاذا طلع الفجر كبرَ المسلمون تكبيرةً واحدةً فيسقط ما بين البُرجين، فتقول الروم : انما كنا نقاتل العرب فالآن نقاتل ربنا وقد هدم لهم مدينتنا وخرّبها لهم، فيمكثون بأيديهم ويكيلون الذهب بالأترسة ويقتسمون الذرارى حتى يبلغ سهم الرجل منهم ثلث مائة عذراء، ويتمتعوا بها فى أيديهم ما شاء الله، ثم يخرج الدجال حقا ويفتح الله القسطنطينية على بيد أقوامٍ هم أولياء الله يرفع الله عنهم الموت والمرض والسقم حتى ينزل عليهم عيسى بن مريم عليه السلام فيقاتلون معه الدجال . (अलफितन लिनुऐम ३२३, नं. १२४५, वलजामे अल कबीर लिस्सुयुती २३८/१५नं. १३१५१)

मुसलमानों और रुमी (इसाइयों) के बीच सुलह हो गी, तब मुसलमान रुमियों के साथ मिल कर पहले एक बार रुमियों के किसी दुशमन से जंग करें गे, जिन में उन की फतह हो गी और दुशमन से हासिल शुदा माले गनीमत दोनों आपस में तकसीम कर लें गे।

इस के बाद फिर यह रुमी लोग मुसलमानों से मिल कर फारस से जंग करें गे, वह उन के लशकरी लोगों को कत्ल कर दें गे और उन की औलाद को कैद कर लें गें। रुमी मुसलमानों से कहें गे कि जिस तरह पहले हम ने माले गनीमत तकसीम कर के तुम को दे दिया था उसी तरह इस बार तुम भी माल और कैदी सब बराबर तकसीम कर के हमें दे दो। इस पर अहले इसलाम हासिल शुदा माल और मुशरिक कैदियों की तकसीम तो कर लें गे (मगर जो मुसलमान कैदी उन के पास हों गे उन्हें तकसीम न करें गे) तो रुमी कहें गे कि मुसलमानों की भी तकसीम की जाए, मुसलमान इनक़ार कर दें गे, रुमी कहें गे कि यह मुआहेदे के खिलाफ बात है।

रुमी शाह कुसतुनतुनिया के पास जा कर शिकायत करें गे कि अरबों

ने हम से दग़ा बाज़ी की (आप हमारी मदद की जिए), हम तो मुसलमानों से माल व मता में और लशकरी ताकत व कुव्वत में बहुत ज़्यादा हैं, शाह कुसतुनतुनिया कहे गा कि मैं मुसलमानों से अहेद शिकनी नहीं कर सकता, वह अरसए दराज़ से हम पर गालिब ही रहे हैं, आखिर कार रुमी साहबे रुमिया के पास शिकायत ले कर जाएं गे, वह ८० झंडों पर मुशतमिल एक बहुत बडा लशकर समुंदर के रास्ते से उन के साथ कर दे गा, जिस के हर झंडे के नीचे बारह हज़ार सिपाही हों गे (गोया उन की कुल तेदाद ९६,००० हो `गी) इन लशकरियों के सिपेह सालार मुल्के शाम के साहिल पर पहुंच कर कशतियां जला देने का हुकुम दे गा ता कि यह लशकर अपनी जान की बाज़ी लगा कर जंग करे, यह लशकत उस के हुक्म की बजा आवरी करे गा, रुमी इसाइ दिमश्क और मोतक पहाड के सिवा शाम का तमाम मुल्क फतेह कर लें गे और बैतुलमुकद्दस (यरोशलम) को बरबाद कर डालें गे।

हज़रत अबदुल्लाह इब्ने मसऊद रज़ि. के एक सवाल के जवाब में आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने इरशाद फरमाया कि उस वक्त दिमश्क में मुसलमानों की बहुत बडी तअदाद हो गा, और मोतक मुल्के शाम के मुकाम हमस की नहर के पास एक पहाड का नाम है।

इस जगा का नकशा कुछ इस तरह हो गा कि मुसलमानों के बच्चे मोतक के उपर हों गे, मुसलमान नहरे अरनत पर और मुशरिकीन नहेर के पिछली जानिब हों गे, वह सुबह शाम आपस में लडें गे।

जब शाहे कुसतुनतुनिया यह नकशा देखे गा तो वह किन्नसरीन के पास छे लाख का लशकर खुशकी के रासते से रवाना करे गा। मुसलमानों के पास यमनियों का एक लशकर आ मिले गा जिन की तअदाद ७० हज़ार हो गी, और यमन के चालीस हज़ार कबीलए हिमयर के लोग आ मिलें गे, अल्लाह तआला ने इमान की ज़रीए उन के लिदों को आपस में जोड दिया हो गा। यह

हज़रात बैतुल मुकद्दस पहुंच कर रुमियों से जंग करें गे, आखिर उन को शिकस्त देंगे और किन्नसरीन के पास पहुंचे गे।

आज़ाद किए गए गुलामों का एक लशकर (फारस की तरफ से) अरब की मदद के लिए आए गा और कहे गा कि ऐ अरब ! तुम तअस्सुब की बात छोडो, जब तक तुम बाहम मुत्तहिद नहीं हो जाते हम तुम दोनों में से किसी की मदद नहीं करें गे, कभी अरब, कभी यमन और कभी यह गुलामों का लशकत कुफ्फार से लडे गा, मुसलमान इसाइयों को दुर घाटियों की जानिब निकाल बाहर कर दें गे,मुसलमान किसी नहर के पास एकट्टे हो कर एक दुसरे की खबर गीरी में मसरुफ हों गे और कुफ्फार नहरे रकबा के पास जमा हों गे, उस नहर को नहरे असवद भी कहा जाता हैं।

और फिर मुसलमानों की मुशरिकीन से जंग हो गी मगर अल्लाह तआला मुसलमानों के दोनों लशकरों से फतेह छीन कर उन पर सब्र इलका करें गे, एक तिहाइ मुसलमान शहीद हों गे, एक तिहाइ भाग निकलें गे और एक तिहाइ बाक़ी रह जाएं गे।

इस लशकर के शोहदा में से हर शहीद गज़वए बदर के दस शहीदों के दरजे के सवाब पर हो गा, चुनांचा बदर का एक शहीद सत्तर लोगों कि शिफाअत करे गा और आखरी ज़माने में इन शहीदों में से हर एक को सात सौ लोगों की शिफाअत की इजाज़त हो गी।

लशकर का जो तिहाइ हिस्सा भाग खडा हुवा था वह भी तीन हिस्सों में बट जाएं गे, एक तिहाइ मुरतद हो कर रुमियों से जा मिलें गे, वह कहें गे कि अगर अल्लाह को इस दीन की ज़रुरत हो तो वह खुद उस की पासदारी कर ले, यह मुकामे हरा, तनुख, तीअ और सुलेह के अरब बाशिंदे हों गे, एक तिहाइ देहाती लोग हों गे, वह यह कहते हुए अपने देहातों को रवाना हो जाएं गे कि हमारे आबा व अजदाद की सरज़मीन ही हमारे लिए बहतर है, रुमी हम तककभी नहीं पहुंच पाएं गे, और एक तिहाइ यह कहें गे कि हर चीज़ पर उस

के नाम के असरात होते हैं, इसी लिए यह मुल्के शाम भी अपने नाम ही की तरह मनहुस है, हमें इराक, यमन और हिजाज़ ले चलो, हमें वहाँ रुमियों से कोइ अंदेशा नहीं रहे गा। अब बचे हुए एक तिहाइ कहें गे कि अब आपसी दुशमनी छोड कर सब मुत्तफिक हो जाओ, और सब मिल कर दुशमन से जंग करो, यही दुशमनी हमारी कामयाबी में रुकावट है।

अब यह इस अज़्म के साथ लडें गे कि हमें भी अपने शहीद भाइयों से जा मिलना है। जब रुमी लशकर मुसलमानों की इस किल्लत का एहसास करे गा, कि इन के एक तिहाइ तो मर गए और एक तिहाइ हमारे हमनवा हो गए और अब सिर्फ एक तिहाइ ही बाकी रह गए हैं तो एख शख्स सिलेब वाला झंडा ले कर खडा हो गा और कहे गा कि सिलेब का बोल बाला हो, इस पर एक मुसलमान दोनों सफों के बीच झंडा ले कर नारा लगाए गा कि अल्लाह के अनसार का गलबा हो।

रुमियों के इस कलमा पर अल्लाह तआला को गुस्सा आए गा और वह मुसलमानों की छे लाख फरशितों के साथ मदद फरमाए गा, एक लाख हज़रत जिबरईल के साथ हों गे, दो लाख हज़रत मीकाइल के साथ, और तीन लाख हज़रत इसराफील के साथ। अल्लाह तआला मुसलमानों की मदद फरमाएं गे और कुफ्फार पर अपना कहर नाज़िल करें गे, कुफ्फार बुरी तरह मारे जाएं गे और जो बच रहे वह बहुत रुसवाई के साथ शिकस्त खा जाएं गे।

उस के बाद मुसलमान मुल्के रुम में दाखिल हो कर मुकामे अम्मोरिया तक पहुंच जाएं गे, अम्मोरिया की सरहद पर बहुत से लोग जमा हों गे, मुसलमान उन्हें देख कर बडी हैरत में पड जाएं गे कि यह रुमी कितनी बडी तअदाद में हैं, कितनों को हम ने कत्ल कर डाला, कितनों को शिकस्त दे कर भगा दिया फिर भी यह माजरा कि अभी पुरा अम्मोरिया और उस के आस पास इन की कसीर तअदाद है। वहाँ के लोग जिज़या अदा करने की शर्त पर मुसलमानों से अमन तलब करें गे, मुसलमान इन की इस पेश कश पर रज़ा

मंद हो कर तमाम रुमियों को अमान दें गे। फिर आस पास के रुमी यह अफवाह उडाएं गे कि दज्जाल मुसलमानों के आबाइ वतन पहुंच चुका है। यह खबर बिलकुल बे असल हो गी। आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने उस वक्त मौजुद रहने वालों को नसीहत की है कि वह रुम से हासिल शुदा गनीमत हरगिज़ ना जाने दें, वह इन की अगली जंगों में काम आए गी। खैर मुसलमान इधर उधर भाग पडें गे, बाद में उन को मालुम हो गा कि यह खबर गलत थी। इधर बाकी बचे मुसलमानों पर रुमी टुट पडें गे और उन को बरबाद कर दें गे। यहाँ तक कि रुम में अरब का कोइ आदमी या औरत नहीं बचे गा, रुमी मुसलमानों की पुरी नस्ल को कत्ल कर डालें गे। वहाँ मुसलमानों को जैसे ही यह खबर पहुंचे गी वह गुस्से में आ कर वापस लौटें गे। दोबारा रुमियों से जंग करें गे और इस बार मुसलमान इसाइयों के लडाकु लोगों को कत्ल करें गे और उन की औलाद को कैद कर दें गे, सारा माल व मता जमा कर लें गे, जिस शहर या जिस किला से उन का गुज़र हो गा तीन दिन के अंदर अंदर अल्लाह उन को कामयाब करें गे, जब मुसलमान समनदर के पास पहुंचे गे तो वह भी छलक जाए गा, यह देख कर नसारा कहें गे कि सिलेब की बरकत से समुंदरी सतह हमारे बचाओ के लिए छलक गइ और मसीह हमारा मदद गार है।

जब सुबह हो गी तो वह देखें गे कि समनदर सूख चुका है, समनदर कुसतुनतुनिया से अपना रुख मोड ले गा, बस फौरन इस में अपने खीमे लगा दें गे। इधर मुसलमान जुमा की शब में कुफ्फार के इस शहर का मुहासरा कर लें गे और सुबह तक अलहमदुलिल्लाह, अल्लाहु अकबर और ला इलाहा इल्लल्लाह का ज़िक्र करते रहें गे। ना कोइ शख्स सोए गा और ना बैठे गा। जब सुबह हो गी तो तमाम मुसलमान मिल कर एक बार अल्लाहु अकबर का नारा लगाएं गे, उसी वक्त शहर की एक जानिब गिर पडे गी। इस पर हैरान हो कर रुम कहें गे कि पहले तो हमारी जंग अरब से थी, अब तो खुद परवरदिगार आलम ही से हमें बराहे रास्त जंग करनी पड रही है। अल्लाह तआला ने

मुसलमानों के लिए हमारा पुरा शहर तहस नहस कर डाला।

इस के बाद मुसलमान कुछ तवक्कुफ करें गे और माले गनीमत का सोना ढालों में भर भर कर तकसीम हो गा, और उन की आल औलाद भी तकसीम की जाएं गी (औरतें इस कसरत से हों गी कि) एक एक शख्स के हिस्से में तीन तीन सौ औरतें आएं गी, एक मुकर्ररा वक्त तक मुसलमान इस गनीमत के नफा उठाएं गे।

फिर इस के बाद दज्जाल सच में निकल आए गा और कुसतुनतुनिया अल्लाह के ऐसे नेक बंदों के हाथ फतेह हो गा जो ज़िंदा सलामत रहें गे। ना बीमार पडें गे और ना कोइ मर्ज़ उन को हो गा, यहाँ तक कि ईसा अलैहिस्सलाम उतरें गे, और उन के हमराह यह जमाअत दज्जाल (और उस के लशकर यहुद) के साथ जंग में शरीक हो गी।

रिवायत में आए हुए चंद अलफाज़ के इखतेलाफ की तहकीक :

"معتق" : त के साथ, एक पहाड का नाम है। (मोजमुल बुलदान लिलहमवी २८६/८) बाज़ रिवायात में यह معنق न के साथ है (अलफितन लिनुऐम) और बाज़ रिवायत में معيق य के साथ है।

"الارنط" न के साथ है (अलफितन लिनुऐम) और बाज़ रिवायत में "الاريط" य के साथ है। (अलजामे उल कबीर २३८/१५, कामुस में भी)

"عموريه" अम्मुरिया, मुल्क रमु का एक शहर (मोअजमुल बुलदान ३५५/६)

इस जंग में आसमानी मदद के तौर पर नाज़िल होने वाले फरशितों की तअदाद में भी बहुत इखतेलाफ है। चुनांचे अलफितन और अलइशाआ की रिवायत में हज़रत जिबरईल, मीकाईल और इसराफील अलैहिमुस्सलाम तीनों का ज़िक्र है। और अलजामे उलकबीर में सिर्फ हज़रत जिबरईल और मीकाइल अलैहिमस्सलाम ही का ज़िक्र मिलता है। और कुछ रिवायतों में तीन लाख और कुछ रिवायतों में छे लाख फरशितों की तअदाद बताइ गइ है।

नोट : मुमकिन है कि इस रिवायत के बाज़ मज़ामीन से हैरत हो, लिहाज़ा यह याद रहे कि इस रिवायत की सनद को मशहुर मुतकल्लम फीह रुव्वात इबने लहीआ, हारिस आवर और मोहम्मद बिन साबित के सबब ज़ईफ करार दिया गया है, अलबत्ता इस बात का भी खयाल रखा जाए कि इस रिवायत के बहुत सारे मज़ामीन सहीह अहादीस से साबित हैं, जैसा कि पहले गुज़र चुका है।

मुहद्दिस नुऐम बिन हम्माद रह. की ज़िक्र की हुइ रिवायत के बाद अब इस सिलसिले में सहीह मुसलिम की चंद रिवायतें देखिए।

عن أبى هريرة رضي الله عنه أن رسول الله صلى الله عليه وسلم قال : لا تقوم الساعة حتى تنزل الروم بالأعماق أو بدابق، فيخرجُ اليهم جيش من المدينة من خيارِ أهل الأرضِ يومئذٍ، فاذا تصافّوا قالت الرومُ : خلّوا بيننا وبين الذين سُبوا منّا نقاتلهم، فيقول المسلمون : لا، والله لا نُخلّى بينكم وبين اخواننا، فيقاتلونهم فينهزم ثلثٌ لا يتوبُ اللهُ عليهم أبداً، ويُقتلُ ثُلُثٌ هم أفضلُ الشهداء عندالله، ويفتح الثُلُثُ لا يفتنون أبداً، فيفتتحون قسطنطنيه فبيناهم يقتسمون الغنائم قد علّقوا سيوفهم بالزيتون اذ صاحَ فيهم الشيطان أنّ المسيح قد خلفكم فى أهليكم، فيخرجون وذلك باطلٌ فاذا جاء والشام خرج، فبيناهم يعدّون للقتال يسوّون الصفوفَ اذ أُقيمت الصلوٰة، فينزل عيسىٰ بن مريم عليه الصلوٰة والسلام فأمّهم، فاذا راه عدوُّ اللهُ ذابَ كما يذوب المِلحُ فى الماء، فلو تركه لاندابَ حتى يهلك، ولكن يقتله الله بيده، فيُريهم دمهٗ فى حربته (मुसलिम किताबुल फितन ३९२/२, नं. २८९७) तरजुमा : आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने इरशाद फरमाया कि कयामत उस वक्त तक काएम नहीं हो गी जब तक रूमो (इसाइयों) ने आमाक या दाबिक (हल्ब और अनताकिया के करीब मुल्के शाम के दो शहर) में पडाव ना डाल दिया हो। फिर इन रुमियों से मुकाबला के लिए मदीना मुनव्वरा से एक लशकर रवाना हो गा जो उस वक्त ज़मीन पर बसने वाले

तमाम मुसलमानों से अफज़ल हो गा। तो जब वह सफ लगा लें गे तब रूमी कहें गे कि तुम (मुसलमान) हम और हमारे कैदियों के बीच से हट कर हमें इन से किताल करने दो। तब मुसलमान कहें गे कि (यह ना मुमकिन है) बखुदा हम तुमहारे बीच और अपने भाइयों के बीच से हरगिज़ नहीं हटें गे। तब वह आपस में लड पडें गे। मुसलमानों के लशकर का एक तिहाइ हिस्सा भाग निकले गा, अल्लाह तआला इन भागने वालों को कभी मआफ नहीं फरमाएं गे। लशकर का दुसरा तिहाइ हिस्सा शहीद हो जाए गा, जिन का शुमार अल्लाह तआला के यहाँ (क़यामत में) अफ़ज़ल तरीन शहीदों में हो गा। बाकी बचे एक तिहाइ लशकर जीत जाए गा (अल्लाह की जानिब से उन पर यह बडी नेमत हो गी कि) यह जीतने वाले एक तिहाइ लोग कभी किसी बला और मुसीबत में नहीं हों गे। यह लोग कुसतुनतुनिया को फतेह कर लें गे। अभी यह हज़रात ज़ैतुन के दरखतों पर अपनी तलवारें लटका कर माले गनीमत तकसीम कर ही रहें हों गे कि अचानक एक शैतान चिल्ला कर कहे गा कि दज्ञाल तुम्हारी गैर मौजुदगी में तुम्हारे घरों पर जा पहुंचा है (यह खबर झुटी होगी) यह हज़रात (सब कुछ छोड छाड कर) निकल पडें गे, जब वह शाम पहुंचे गे तब दज्ञाल निकल चुका हो गा। यह लोग जंग की तय्यारी के लिए सफ लगा रहे हों गे तब नमाज़ का वक्त हो जाए गा। तब ईसा इब्ने मरयम अलैहिस्सलाम (आसमान से) उतरें गे, फिर इन की इमामत फरमाएं गे। अल्लाह का दुशमन (दज्ञाल) इन्हें देख कर ऐसे ही पिघलने लगे गा जैसे पानी में नमक पिघलता है। अगर आप अलैहस्सिलाम बिलफर्ज़ उसे युंही छोड देते तो वह खुद बखुद पिघल कर हलाक हो जाता। लेकिन अल्लाह तआला उसे ईसा अलैहिस्सलाम के हाथों कत्ल करें गे, फिर ईसा अलैहिस्सलाम लोगों को इस का खुन अपने नेज़े में दिखलाएं गे।

गुज़िशता रिवायत नुऐम और रिवायत मुसलिम में मुसलमान और रुमी इसाइयों के बीच हुइ सुलह के टुटने और जंग छिडने की मुखतसर वजह

युँ समझनी चाहिए कि उस से पहले के ज़माने में इसलामी लशकर और रूमी लशकर दोनों ने मिल कर फारस पर जो कामयाब हमला किया था उस की तकसीम गनीमत में कैदियों के बारे में इखतेलाफ हो जाए गा, कियुँ कि फारस के कैदियों में कुछ मुसलमान कैदी भी हों गे, जो या तो जंग के बाद इमान लाए हों गे या पहले ही मुसलमान थे, और मुलकी सियासत के पेशे नज़र ना चाहते हुए भी उन्हें जंग में शरीक होना पडा हो।

मुल्के शाम की फतेह के सिलसिले में मशहुर सहाबीए रसुल हज़रत अब्दुल्लाह इब्ने मसऊद रज़ि. से जो तफसीलात सहीह मुसलिम में मनकुल हैं वह हस्बे ज़ेल हैं।

عن يسير بن جابر قال : هاجت ريح حمراء بالكوفة فجاء رجل ليس له هجيرىٰ الا "يا عبدالله بن مسعود جاء ت الساعة" قال فقعد و كان متكئا، فقال : "ان الساعة لا تقوم حتى لا يقسم ميراث ولا يفرح بغنيمةٍ، ثم قال بيده هكذا ونحّاها نحو الشام فقال : عدُوّ يجمعون لأهل الشام ويجمعُ لهم اهل الاسلام، قلت : الروم تعنى؟ قال : نعم، قال : ويكون عند ذاكم القتال رِدّة شديدةٌ، فيشترط المسلمون شرطة للموت لا ترجع الا غالبة فيقتتلون حتى يحجزَ بينهم الليل، فيفيء هؤلاء وهؤلاء كل غير غالب وتفنى الشرطةُ، ثم يشترط المسلمون شرطة للموت لا ترجع الا غالبةً فيقتتلون حتى يحجز بينهم الليلُ، فيفى هولاء وهؤلاء كلّ غير غالب وتفنى الشرطةُ، ثم يشترط المسلمون شرطة للموت لا ترجع الا غالبة فيقتتلون حتى يُمسوا، فيفيء هؤلاء وهؤلاء كل غير غالب وتفنى الشرطةُ، فاذا كان اليوم الرابع نَهَدَ اليهم بقية اهل الاسلام، فيجعل الله الدائرة عليهم، فيقتتلون مقتلة اِمّا قال لا يرى مثلها واما قال : لم ير مثلها حتى أن الطائر ليمرّ بجنباتهم فما يخلفهم حتى يخرّ ميتاً، فيتعاد بنو الأب كانوا مائة فلا يجدونه بقى منهم الا الرجل الواحد، حتى يخرّ ميتاً، فيتعاد بنو الأب كانوا مائةً فلا يجدونه بقى منهم الا الرجل الواحد، فبأيّ غنيمةٍ

(मुसलिम ३९२/२ नं. २८९९) يفرح أو أيّ ميراث يقاسم" ... الخ

हज़रत युसैर बिन जाबिर फरमाते हैं कि एक मरतबा कूफा में बहुत तेज़ सुर्ख आंधी चली, एक शख्स जिस का तकयए कलाम "جاءت الساعة" (यानी कयामत आ गइ) था वह हज़रत अबदुल्लाह इब्ने मसऊद रज़ि. के पास आ कर पुछने लगा, कयामत आगई? इस पर हज़रत अबदुल्लाह इब्ने मसऊद रज़ि. ने फरमाया कि कयामत उस वक्त तक आए गी जब कि मीरास की तकसीम रुक जाए गी, और माले गनीमत से कोइ खुशी न हो गी, फिर हज़रत अब्दुल्लाह इब्ने मसऊद रज़ि. ने अपने हाथों से शाम की तरफ इशारा किया और फरमाया कि मुसलमानों से किताल के लिए दुशमन जमा हों गे और मुसलमान उन दुशमनों से किताल के लिए जमा हों गे। रावी कहते हैं कि में ने पुछा कि क्या (दुशमन से) आप की मुराद रुमी (नसारा) हैं? तो इब्ने मसऊद रज़ि. ने फरमाया कि हाँ, और कहा कि इस किताल के वक्त शुरु में शदीद हज़ीमत हो गी, तब अहले इसलाम लशकर की एक टुकडी को इस शर्त पर आगे भेजें गे कि या तो वह शहीद हो जाएं या फतेह याब हो कर लौटें। वह लडते रहें गे यहाँ तक कि रात हो जाए गी और दोनों लशकर बिना जीते या हारे वापस लौट जाएं गे और यह टुकडी शहीद हो जाए गी।

मुसलमान (दोबारा) लशर की एक टुकडी को इस शर्त पर आगे भेजें गे कि या तो शहीद हो जाएं या तो फतेह हासिल करें, वह भी रात होने तक लडते रहें गे और बिना जीते या हारे लौट आएं गे और यह टुकडी भी शहीद हो जाए गी।

मुसलमान (तीसरी मरतबा) इस शर्त पर लशकर की एक टुकडी को आगे भेजें गे कि वह शहीद हो जाएं या फतह हासिल कर के लौटें, वह शाम तक लडते रहें गे और बिना जीते या हारे लौट आएं गे और यह टुकडी भी शदही हो जाए गी।

फिर जब चौथा दिन आए गा तब बाकी मुसलमान उन की जानिब

उठ खडे हों गे तब अल्लाह तआला उन दुशमनों को शिकस्त दे गा, कियुँ कि यह एक ऐसी जंग हो गी इस तरह की जंग कभी ना देखी जाए गी या (इब्ने मसऊद रज़ि. ने युँ फरमाया कि) ऐसी जंग कभी भी ना देखी गइ हो गी, यहाँ तक कि एक पक्षी भी मरे हुए लोगों पर से गुज़रे गा तो वह उन्हें पार कर लेने से पहले ही मर जाए गा।

उस वक्त जब एक खानदान के लोग जब खुद को गिनें गे तो सिर्फ एक फीसद ज़िंदा बचा हुवा पाएं गे। तो भला वह किस माले गनीमत से शुख हों गे और किस को मीरास तकसीम करें गे ....

